

RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र

# अमिट रेखा

वर्ष 05 | अंक 67 | कुशीनगर | मंगलवार 05 जनवरी, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रुपये



## पीएम बोले– हम दुनिया में सबसे बड़े टीकाकरण कार्यक्रम की ओर

# वैज्ञानिकों का आभार



नई दिल्ली,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए नेशनल एटॉमिक टाइमस्केल और 'भारतीय निर्देशक द्रव्य' राष्ट्र को समर्पित किया और नेशनल एनवायरमेंटल स्टैंडर्ड लैबोरेट्री की भी आधारशिला रखी। बता दें कि पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नेशनल मेट्रोलॉजी कॉन्क्लेव का उद्घाटन करते हुए भाषण दिया। कॉन्क्लेव का विषय श्राष्ट्र के समावेशी विकास के लिए मेट्रोलॉजीश है। मोदी ने कहा, श्आज भारत में इंडस्ट्री और इंस्टिटयूशन के बीच collaboration को मजबूत किया जा रहा है। दुनिया की बड़ी–बड़ी कंपनियां भारत में अपने रिसर्च सेंटर और फैसिलिटीज स्थापित कर रही हैं। बीते वर्षों में इन फैसिलिटीज की संख्या भी बढ़ी है।श कर्मण्येवाधिकारस्ते का मंत्र वैज्ञानिकों ने स्वयं के जीवन में साकार किया है। भारतीय वैज्ञानिक 130 करोड़ भारतीयों की आशाओं की पूर्ति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं रू प्रधानमंत्री आज भारत वैश्विक नवाचार सूचकांक के शीर्ष 50 देशों में शामिल हो गया है। बौद्धिक संपदा का संरक्षण कैसे हो, युवाओं को यह भी सिखाना है।– प्रधानमंत्री मोदी मोदी ने कहा, श्ड्रोन पहले युद्ध के लिए बनाए गए थे पर आज उसका विविध क्षेत्रों में व्यापक उपयोग हो रहा है। आज आवश्यकता है कि युवा वैज्ञानिक, शोध परिणामों के अतिरिक्त उसके अन्य उपायों की संभावनाएं भी तलाशें।श पीएम बोले– किसी भी प्रगतिशील समाज में अनुसंधान हमारे ज्ञान और समझ को विस्तार देने में सहायता प्रदान करता है। ।पतु नंसपजल और मउपेपवद को मापने की तकनीक से लेकर टूल्स तक हम दूसरों पर निर्भर रहे हैं। आज इसमें भी आत्मनिर्भरता के लिए हमने बड़ा कदम उठाया है। आज का भारत पर्यावरण की दिशा में दुनिया का नेतृत्व करने की ओर बढ़ रहा है पीएम मोदी ने कहा, श्आज भारत दुनिया के उन देशों में है जिनके पास अपने नेविगेशन सिस्टम है। आज इसी ओर एक और कदम बढ़ा है। आज जिस भारतीय निर्देशक का लोकार्पण किया गया है। ये हमारे उद्योग जगत को क्वालिटी प्रोडक्ट्स बनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।श प्रधानमंत्री बोले– हमें यह सुनिश्चित करना है कि भारत में बने उत्पादों की गुणवत्ता श्रेष्ठ हो और उनकी वैश्विक स्वीकार्यता हो। इन नए मानकों से देश भर के जिलों के स्थानीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में सहायता मिलेगी। हमारे उत्पादों की गुणवत्ता जितनी बेहतर होगी, देश की अर्थव्यवस्था उतनी ही सशक्त होगी। प्रधानमंत्री नरेंद मोदी– देश वर्ष 2022 में अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे कर रहा है और 2047 में हमारी आजादी के 100 वर्ष होंगे। इस दौरान हमें आत्मनिर्भर भारत के नए संकल्पों को ध्यान में रखते हुए नए मानकों को गढ़ने की दिशा में आगे बढ़ना ही है। पीएम ने कहा, श्भारत के वैज्ञानिकों ने एक नहीं दो मेड इन इंडिया कोविड वैक्सीन विकसित करने में सफलता पाई है। भारत में दुनिया का सबसे बड़ा कोविड वैक्सीन कार्यक्रम शुरू होने जा रहा है। इसके लिए देश को अपने वैज्ञानिकों के योगदान पर बहुत गर्व है।श हमारे युवा आज ब्ै्त जैसे संस्थानों के विषय में जानना चाह रहे हैं, इसीलिए मैं चाहूंगा ब्ै्त के वैज्ञानिक, देश के युवाओं से अपने अनुभव साझा करें। इससे देश में युवा वैज्ञानिकों की नई पीढ़ी तैयार करने में सहायता मिलेगी रू प्रधानमंत्री कॉन्क्लेव, काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च–नेशनल फिजिकल लेबोरेटरी (CSIR–NPL), नई दिल्ली द्वारा आयोजित किया जा रहा है, इसकी स्थापना के 74 साल पूरे हो गए हैं।

### भारत प्रदूषण को कम करेगा

- सैनिकों को बचाने या गोला–बारूद को बचाने के लिए विश्व युद्ध के दौरान हुए शोध से दुनिया को कई क्षेत्रों में मदद मिल रही है। ड्रोन भी युद्ध के लिए बनाए गए थे। हालांकि, आज ड्रोन का उपयोग फोटोशूट और उत्पादों की डिलीवरी के लिए किया जा रहा है।
- किसी भी प्रगतिशील समाज में, अनुसंधान महत्वपूर्ण और प्रभावी है। यह प्रभाव वाणिज्यिक, सामाजिक है और हमारे दृष्टिकोण और सोच को व्यापक बनाने में मदद करता है।
- अब, भारत वायु शोधन और उत्सर्जन को मापने के बाजार में एक वैश्विक भागीदार बन जाएगा, जबकि प्रदूषण को कम करने और वायु गुणवत्ता में सुधार करेगा।



**ब्रिटिशों की कॉलोनी रहे देश ऑस्ट्रेलिया में पिछले लंबे समय से राष्ट्रगान को लेकर बहस चल रही थी। ऑस्ट्रेलिया में हर साल 26 जनवरी को राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। इस देश के एक बड़े वर्ग का मानना है कि ब्रिटिश इसी दिन ऑस्ट्रेलिया में घुसपैठ किए थे।**

## यूपी दिवस पर दुनिया देखेगी आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश, तैयारियों में जुटी योगी सरकार



लखनऊ,(एजेंसी)। 24 से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश दिवस समारोह इस बार उन लोगों के नाम पर होगा, जिन्होंने अपनी अनूठी सोच, अदभ्धुत हौसले और कर्मठता से प्रदेश का मान बढ़ाया है। तीन दिवसीय प्रदेशव्यापी समारोह में श्रीराम की यात्रा और महाभारत के प्रेरक प्रसंगों का चित्रण तो होगा ही, साथ ही भविष्य की जरूरतों के मुताबिक छोटे–छोटे प्रयासों से आत्मनिर्भरता की कहानी लिख रहे श्नए उत्तर प्रदेशश की तस्वीर भी दुनिया दिखेगी। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्उत्तर प्रदेश दिवसश के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेश के हर नागरिक का समारोह है। इसमें सभी की सहभागिता होनी चाहिए। हर जिले में होंगे कार्यक्रम 24 जनवरी को राजधानी लखनऊ स्थित अवध शिल्प ग्राम में उदघ्घाटन समारोह होगा जबकि 25 को गौतमबुद्ध नगर स्थित नोएडा हाट में विशिष्ट आयोजन होगा। इसके अलावा सभी 75 जिलों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रभारी मंत्रियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित होंगे। यूपी दिवस 2021 आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेशरू सबका विकास सबका सम्मान की थीम पर मनेगा यूपी दिवस।

## श्मशान घाटः मयावती का बयान, कहा–सख्त कार्रवाई करे उत्तर प्रदेश सरकार

लखनऊ,(एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने गाजियाबाद के मुरादनगर में श्मशान घाट में एक इमारत की छत गिरने से बड़ी संख्या में लोगों की मौत की घटना पर दुख व्यक्त किया है और राज्य सरकार से मामले में जांच कराने की मांग की है।



मायावती ने सोमवार को ट्वीट कर कहा उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के मुरादनगर में श्मशान घाट में एक इमारत की छत गिरने से 23 लोगों की मौत की घटना अति दर्दनाक और कष्टदायक है। पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना है। ईश्वर उन्हें इस दुख को सहन करने की शक्ति दे। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार इस घटना की सही एवं समय से जांच कराए। दोषियों को सख्त सजा दी जाए और पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक मदद दी जाए। गाजियाबाद के मुरादनगर क्षेत्र में रविवार को श्मशान घाट में एक इमारत की छत गिरने से कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई है।

# सोनिया गांधी का हमला– पहली बार ऐसी अहंकारी सरकार सत्ता में है...

- **ठंड में बारिश से आंदोलन कर रहे किसानों की बढ़ी मुसीबत, कांग्रेस का सरकार पर हमला**
- **सोनिया ने कहा, पहली बार ऐसी अहंकारी सरकार सत्ता में आई है, नहीं दिख रही अन्नदाता की पीड़ा**
- **राहुल गांधी का हमला– मोदी सरकार उद्योगपति साथियों को अनाज के गोदाम चलाने के लिए निश्चित मूल्य दे रही**

नई दिल्ली,(एजेंसी)। किसानों के प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर फिर निशाना साधा है। उन्होंने रविवार को कहा कि देश की आजादी के बाद से पहली बार ऐसी 'अहंकारी' सरकार सत्ता में आई है, जिसे अन्नदाताओं की 'पीड़ा' दिखाई नहीं दे रही है। साथ ही, उन्होंने नए कृषि कानूनों को बिना शर्त फौरन वापस लेने की मांग की। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक बयान में कहा, 'लोकतंत्र में जनभावनाओं की उपेक्षा करने वाली सरकारें और उनके नेता लंबे समय तक शासन नहीं कर सकते। अब यह बिल्कुल साफ है कि मौजूदा केंद्र सरकार की 'थकाओ और भगाओ' की नीति के सामने आंदोलनकारी धरती पुत्र किसान मजदूर घुटने टेकने वाले नहीं हैं।' भारत में



मिली दो कोरोना वैक्सीन को मंजूरी, कांग्रेस ने श्कोवैक्सीनश के अप्रूवल पर उठाए सवाल सोनिया ने कहा, 'अब भी समय है, मोदी सरकार सत्ता के अहंकार को छोड़कर तत्काल बिना शर्त तीनों काले कानून वापस ले और ठंड एवं बारिश में दम तोड़ रहे किसानों का आंदोलन समाप्त कराए। यही राजधर्म है और दिवंगत किसानों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी।' उन्होंने कहा कि (केंद्र की) मोदी सरकार को यह याद रखना चाहिए कि लोकतंत्र का अर्थ ही जनता एवं किसान–मजदूरों के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा, 'हाड़ कंपा देने वाली ठंड और बारिश के बावजूद दिल्ली की सीमाओं पर अपनी मांगों के समर्थन में 39 दिनों से संघर्ष कर रहे अन्नदाताओं की हालत देखकर देशवासियों सहित मेरा मन भी बहुत व्यथित है।' उन्होंने कहा, 'आंदोलन को लेकर सरकार की बेरुखघी के चलते अब तक 50 से अधिक किसान जान गंवा चुके हैं। कुछ (किसानों) ने तो सरकार की उपेक्षा के चलते आत्महत्या जैसा कदम भी उठा लिया। पर बेरहम मोदी सरकार का न तो दिल पसीजा और न ही आज तक प्रधानमंत्री या किसी भी मंत्री के मुंह से सांत्वना का एक शब्द निकला।'

## मेरे पिता की कब्र पर 'ऑडिट' कर रही हैं जांच एजेंसियांः महबूबा मुफ्ती

श्रीनगर,(एजेंसी)। आतंकवाद के वित्तपोषण के आरोपों में पीडीपी के एक वरिष्ठ नेता को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा गिरफ्तार किये जाने समेत अन्य मामलों में विभिन्न जांच एजेंसियों की जांच पर पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि एक भी मामला साबित होने पर वह परिणाम भुगतने को तैयार हैं। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अपमानजनक है कि जांच एजेंसियां उनके पिता मुफ्ती मोहम्मद सईद की कब्र पर 'ऑडिट' कर रही हैं। पीडीपी की युवा इकाई के नेता वहीद पर्रा को एनआईए द्वारा गिरफ्तार किये जाने के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में महबूबा ने कहा कि जांच एजेंसियां पिछले दो साल से सरकारी फाइलों और उनके बैंक खातों की खाक छान रही हैं लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने 'पीटीआई–भाषा' को दिये साक्षात्कार में कहा, ''यह अपमानजनक और हताशापूर्ण है कि वे अब मेरे दिवंगत पिता की कब्र पर



ऑडिट कर रहे हैं। वे और कितना नीचे गिरेंगे?'' सईद का निधन 2016 में हो गया था और उन्हें दक्षिण कश्मीर के बिजबेहारा में उनके पैतृक कब्रिस्तान में सुपुर्द–खाक किया गया था। पीडीपी अध्यक्ष के दावों पर एनआईए या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। बतौर मुख्यमंत्री महबूबा के कार्यकाल के दौरान जम्मू एंड कश्मीर बैंक में हुई कथित अनियमितताओं का जिक्र करने पर पीडीपी नेता ने कहा, ''कैसी अनियमितता?

### बैठक से पहले किसान संगठनों ने दिखाए तेवर, कहा...

## कानून रद्द करने से कम कुछ भी मंजूर नहीं

नई दिल्ली,(एजेंसी)। सरकार के साथ आज होने वाले बैठक से पहले किसान संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर फिर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि अगर सरकार इन कानूनों को रद्द करने के लिए तैयार नहीं होती है तो वह अपने आंदोलन को और तेज करेंगे। उधर सरकार भी किसानों को मनाने के लिए एड़ी–चोटी का जोर लगाए हुए है। आज होने वाली बैठक की निगरानी खुद पीएमओ कर रहा है। टिकैत बोले– किसानों ने आंदोलन को दिल पर लिया है भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा कि आज सरकार के साथ कई मुद्दों पर चर्चा होनी है। सरकार को समझना चाहिए, किसान इस आंदोलन को अपने दिल में ले गया है और कानूनों को निरस्त करने से कम नहीं समझेगा। स्वामीनाथन की रिपोर्ट को लागू करना चाहिए और एमएसपी पर कानून बनाना चाहिए। कानूनों की वापसी तक जारी रहेगा आंदोलन रविवार को गुरुग्राम में कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसानों के धरना स्थल पर पहुंचे राकेश टिकैत ने कहा कि आंदोलन तब तक खत्म नहीं होगा, जब तक सरकार नए कृषि कानूनों को वापस नहीं ले लेती। टिकैत ने आरोप लगाया कि नए कृषि कानून सिर्फ पूंजीपतियों के फायदे के लिए बनाए गए हैं। इन कानूनों से किसानों का भारी नुकसान होने वाला है। किसानों से बातचीत आज, डैच पर लिखित भरोसा, कानून वापसी पर कमिटी का विकल्प तैयार किसान दिल्ली की सीमाओं पर डटे रहेंगे उन्होंने कहा कि जब तक किसानों की मांगें नहीं मानी जाएंगी, तब तक किसान दिल्ली की सीमाओं पर डटे रहेंगे और इन कानूनों का विरोध करते रहेंगे।

### ओवैसी ने भी ममता को नसीहत, कहा...

## बंगाल में तृणमूल को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए

कोलकाता,(एजेंसी)। एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी को उनके संगठन पर आरोप लगाने के बजाए खुद का आत्मनिरीक्षण करना चाहिए और देखना चाहिए कि किस तरह से भाजपा ने राज्य में 18 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की। ओवैसी यहां मौलाना अब्बासुद्दीन सिद्दिकी से मिलने आए थे। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के इन दावों को खारिज कर दिया कि उनकी पार्टी ''भाजपा की बी–टीम'' है और भगवा दल के विरोधी वोट में सेंध लगाएगी। ओवैसी ने संवाददाताओं से कहा, ''हम राजनीतिक दल हैं, हम अपनी उपस्थिति साबित करेंगे और चुनाव लड़ेंगे (पश्चिम बंगाल में)।'' ओवैसी ने कहा, ''... भारत की सियासत का मैं लैला हूं और मेरे मजनू बहुत हैं, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता।''

### राहुल और प्रियंका का मोदी पर निशाना, कहा..

## किसानों के साथ हो रहा 'क्रूरता का व्यवहार'

नई दिल्ली,(एजेंसी)। नए कृषि कानून को लेकर सरकार और किसानों के बीच गतिरोध जारी है। इस बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार और किसान संगठनों के बीच नए दौर की बातचीत से पहले आज आरोप लगाया कि सरकार सर्दी व बारिश के बीच सड़कों पर बैठे किसानों के प्रति क्रूरता का व्यवहार कर रही है। राहुल गांधी ने सरकार पर साधा निशाना कांग्रेस नेता राहुल गांधी (तिनस ळंदकीप) ने ट्वीट किया, श्सर्दी की भीषण बारिश में टेंट की



टपकती छत के नीचे जो बैठे हैं सिकुड़–ठिठुर कर, वो निडर किसान अपने ही हैं, गैर नहीं। सरकार की क्रूरता के दृश्यों में अब कुछ और देखने को शेष नहीं। प्रियंका बोलीं– क्रूर सरकार पर कैसे विश्वास करे किसान वहीं, प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर आरोप लगाया, सरकार एक तरफ तो किसानों को बातचीत के लिए बुलाती है।

# नवसृजित थाना महुआडीह का कृषि मंत्री ने किया उद्घाटन

**– इस थाना क्षेत्र में 74 गांव होगें सम्मिलित**










अमिट रेखा जितेन्द्र कुमार सिंह

देवरिया–महुआडीह। नवसृजित थाना महुआडीह का उद्घाटन विधिवत मंत्रोच्चार एवं पूजा, अर्चना के साथ शिलालेख अनावरण एवं फीता काटकर मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा किया गया। कृषि मंत्री श्री शाही ने इस अवसर पर सम्बोधन में कहा कि कानून व्यवस्था, शान्ति सद्भाव, महिलाओं की सुरक्षा के साथ–साथ अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिये नवसृजित थाने का गठन किया गया। यह सरकार पुलिस के आधुनिकीकरण पर कार्य कर रही है। सलेमपुर व रुद्रपुर में नये फायर स्टेशन स्थापित किये गये हैं तथा बरियारपुर में भी नये थाने की स्थापना होगी। मुख्यमंत्री की यह अपेक्षा हे कि आम जनता के साथ पुलिस विभाग द्वारा सद्व्यवहार होना चाहियें। अपराधियों के साथ सख्ती का व्यवहार अपनाया जाना चाहिये। उन्होने पुलिस विभाग से अपेक्षा करते हुए कहा कि इस थाने को अपने कार्य प्रणाली से मॉडल का रुप दें। अपराध हो तो उस पर कडाई बरतें तथा समयबद्धता के साथ उसका निस्तारण होना चाहिये। कृषि मंत्री ने कहा कि बंन्जरिया में आईटीआई का शिलान्यास किया गया है बरवांमीर में भी एक आईटीआई प्रस्तावित है। 5 नये नगर निकाय भी प्रस्तावित किये गये है। उन्होने कृषक हित में संचालित योजनाओं सहित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए उपलब्धियों को रखा और कहा कि हर क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन के कार्य किये जा रहे है, उसी की एक कडी में आज महुआडीह थाने का सृजन किया गया। उन्होने बताया कि इस थाने में रामपुर कारखाना के 64 तथा गौरी बाजार थाना क्षेत्र के 10 गांव सहित कुल 74 गांव सम्मिलित किये गये है। उन्होने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना सृजन की पहल एवं प्रयासो की सराहना की। जिलाधिकारी अमित किशोर ने कहा कि आम जनमानस,गरीब व्यक्तियों की सुनवायी हो उसका त्वरित समाधान हो, यह शासन की मंशा है, जिसके अनुरुप हर समस्याओं के समाधान के लिये कदम उठाये गये हैं। जमीन संबंधित समस्याओं के लिये राजस्व व पुलिस विभाग को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होने कहा कि आबादी क्षेत्र में स्वामित्व योजना लागू की गयी है। अब खतौनी की तरह घरौदी दी जायेगी। उन्होने कहा कि इसका सर्वे का कार्य ड्रोन द्वारा किया जायेगा। ड्रोन की उपलब्धता कराये जाने हेतु कृषि मंत्री के संज्ञान में लाया। उन्होने कहा कि थाना सृजन से लेकर 5 नये नगर निकायों को बनाये जाने में मा0कृषि मंत्री जी का अथक प्रयास है। थाना सृजन के लिये पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इनके तत्परता व समय समय पर इसमें पहल किये जाने का ही परिणाम है कि आज थाने की शुरुआत हुई।पुलिस अधीक्षक डा0श्रीपति मिश्र ने कृषि मंत्री, जिलाधिकारी के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि आज एक चौकी थाने के रुप में खडी हुई है, इसमें कृषि मंत्री जी का असीम सहयोग रहा है कि प्रस्ताव के दो माह के अन्दर ही नये थाने का सृजन हुआ। उन्होने कहा कि जिलाधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार के प्रयास से बेलवां गांव में जमीन की उपलब्धता हुई है, जिसमें एक भाग में थाना भवन तथा दूसरे भाग में वाहनो के लिये यार्ड बनाया जायेगा। उन्होने कहा कि जनता की समस्यायें दूर हो, महिलाओं, बुजुर्गो, बच्चो के सम्मान का इस थाने को केन्द्र बनाये, इसके लिये पुलिस विभाग कार्य करेगें। पीडित व्यक्ति के सम्मान का ख्याल रखा जाये तथा किसी भी समस्याओ को टालने की प्रवृति नही होनी चाहिये सदर विधायक डा0 सत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि इस थाने के बनने से जन समस्याओं के निस्तारण में त्वरित गति आयेगी वही अपराध नियंत्रण में भी इसकी भूमिका होगी ।अपर पुलिस अधीक्षक शिष्यपाल सिंह द्वारा सभी आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा संचालन मंजू पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी बलराम यादव को बुके प्रदान कर सम्मानित किया गया। कृषि मंत्री श्री शाही, जिलाधिकारी अमित किशोर सहित अन्य अतिथियों का भी स्वागत पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया गया।इस अवसर पर सदर एसडीएम सौरभ सिंह, क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर, भाटपाररानी, अग्निशमन अधिकारी एसएस राय, प्रतिसार निरीक्षक प्रकाश चन्द्र पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्तर्यामी सिंह, शैलेश मणि, श्री निवास मणि, संजय सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी गण, संबंधित अधिकारी गण, क्षेत्रीय प्रबुद्ध जन आदि उपस्थित रहे।

# यातायात पुलिस को आयरन बैरियर किया गया सुपुर्द

अमिटरेखा समर बहादुर सिंह

ब्यूरो अमेठी। आज दिनांक 4 जनवरी 2021 को सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जनपद अमेठी की यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने एवं सुचारू रूप से संचालित करने हेतु एसीसी सीमेंट




फैक्ट्री टिकरिया द्वारा 45 अदद मोबाइल आयरन बैरियर यातायात पुलिस जनपद अमेठी को प्रदान किये गया । उक्त बैरियर एसीसी सीमेंट फैक्ट्री के प्लांट निदेशक हेमंत सिंह राठौर तथा लाजस्टिक सेफ्टी ऑफिसर अशोक कुमार वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय गौरीगंज पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह को हस्तगत किए गए । इस अवसर पर प्रभारी यातायात जनपद अमेठी अजय सिंह तोमर व पुलिस कार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# चार पहिया वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। फरेंदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामसभा हरदी डाली के समीप के समीप पिकअप और मोटरसाइकिल में



जोरदार टक्कर हुई। जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान राधेश्याम चौधरी पुत्र गणेश चौधरी के रूप में हुई। दूसरे घायल व्यक्ति का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी में चल रहा है। सूचना पाकर तत्काल थानाध्यक्ष गिरजेश उपाध्याय, एसआई प्रह्लाद पांडेय एसआई मनोज यादव चौकी इंचार्ज रामचरण घटना स्थल पर पहुंचे। सूचना पर एसपी महराजगंज प्रदीप गुप्ता घटनास्थल पर पहुंच कर जानकारी लिया। विधायक बजरंग बहादुर सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी पहुंचकर घटना के बारे में लोगों से जानकारी लिया। साथ ही मृतक के परिजनों को ढाढस बधाया।

# ठण्ड के मौसम में गरीबों के लिए सोचने की है जरूरत:नीरज चौहान

अमिट रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। गोरखपुर– ठंड के इस मौसम में गरीबों और असहायों के विषय में सोचना ही बहुत है और यदि हम समाज में एक भी कदम उनकी मदद के लिए बढ़ा सकें तो इससे



बड़ा पुनीत कार्य और कुछ नहीं हो सकता है। ठंड के इस बढ़ते हुए प्रकोप में जिस प्रकार से नए साल के अवसर पर 501कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया है। यह बेहद ही सराहनीय और पुनीत कार्य है ऐसे कार्य समय समय पर होते रहने चाहिए। जिससे लोगों को प्रेरणा मिल सके। उक्त बातें खजनी विधानसभा325 ग्राम बढयापार में नव वर्ष के अवसर पर कंबल वितरण के कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि नीरज चौहान ने कही। उन्होंने आगे कहा कि गरीबों में कंबल वितरण करके मैं अपने आप को बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं कि इस पुनीत कार्य का मैं भी हिस्सा बन पा रहा हूं। खजनी विकासखंड के ग्राम बढयापार में नव वर्ष पर कंबल वितरण का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें सैकड़ों की संख्या में गरीब लोगों को कंबल वितरण किया गया तथा लोगों को यह भी बताया गया कि ऐसे पुनीत कार्य समय समय पर करते रहना चाहिए तथा गरीबों के विषय में सोचने की जरूरत है। इस समारोह में मुख्य रूप से अनिल कुमार, रामसूरत दिलदार विजय बेलदार तथा अन्य भी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधान व सचिव के बेह्तर अनुभव से आज पूरा ग्राम सभा की बदली तस्वीर, भिसिया खुदे

अमिट रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। बेलघाट




ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत भिसिया खुदे ग्राम प्रधान शिवशंकर अनुभव व अथक परिश्रम से बदल गई पूरी ग्राम सभा की तस्वीर रियलिटी देखने के दौरान नजर आई खूबसूरत ग्राम भिसिया खुदे कुछ विकास कार्य से अवगत कराते चलें जमीन पर देखी गई हकीकत विकास कार्य जैसे खड़ंजा, विकास इंटरलॉकिंग ,विकास नाली, विकास तक रोड मिट्टी, विकास गरीबों को आवास, पशुओं के चरण, विकास जिस टोले पर बिजली की व्यवस्था नहीं थी लगी बिजली विकास पात्रों को पेंशन दिलवाने का कार्य ओर खजनी ब्लाक में सबसे पहले नंबर सामुदायिक शौचालय 8 मीटर लंबा 7 मीटर चौड़ा दो–दो शौचालय दो दो स्नानघर एक एक यूरिन पानी की टंकी 20 यानी कि टोटल सहरी फॉर्मूला से निर्मित हरिजन टोले के बीच में बना शौचालय शौचालय के चारों तरफ रास्ता और आकर्षक ढंग से कराईं गई पेंटिंग स्वच्छ भारत मिशन की दीवाल पर तस्वीर मानव आकर्षक की केंद्र बन गई है और शौचालय के पास ही पंचायत भवन भी जिले में पहला स्थान ले पहले तैयार हो गया पंचायत भवन की लंबाई 53 फीट चौड़ा 38फीट लंबा आंकी गई विकास के नाम से जाने जाने वाले ग्राम प्रधान सरकारी योजनाओं का पालन स्वच्छ व सुचारू रूप से आज जनता के बीच पेश कर रहे हैंआज ग्राम सभा भिसिया खुदे की बदलती हुई तस्वीर देख ग्राम सभा एवं क्षेत्र की जनता के काफी खुशी का माहौल बना हुआ है स्वच्छ व नेक कार्य काफी योगदान सचिव अरविंद कुमार , एडीओ तनवीर अंसारी, रोजगार सेवक ग्राम सभा के लोग,आदि।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा मुख्यमंत्री ने बांटा नियुक्ति पत्र

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बीडियों क्रांफ्रेसिंग कर आयुष विभाग के तत्वाधान में आयोजित नव नियुक्ति पदस्थापना में डाक्टर की नियुक्ति पत्र वितरण एनआईसी में क्रांफ्रेसिंग के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन कर जनपद के 5 आयुर्वेदिक व 13 होम्योपैथिक आयुष डाक्टरो को विधायक सदर



जयमंगल कन्नौजिया व जिलाधिकारी डा. उज्ज्वल कुमार द्वारा दिया गया। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी डा. कुमार द्वारा डाक्टरों से परिचय व पात्रता की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि डाक्टर का जीवन आम पब्लिक की सेवा हेतु निर्धारित होता है अच्छा एंव मनोयोग की भानवा से कार्य करें । जिससे सरकार द्वारा जनहित में किये जा रहे स्वस्थ परिवार स्वस्थ समाज का निमार्ण हो सके। इस अवसर पर डा. राघवेन्द्र कुमार मिश्र क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी व डा. विरेन्द्र कुमार होम्योपैथिक अधिकारी व नवनियुक्त आयुष डाक्टर उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज और ट्रामा सेंटर से कुशीनगर का होगा विकास

**– संगठन ने बैठक कर मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद**

'अमिट रेखा – अब्दुल आजम'

'गौरी श्रीराम – कुशीनगर। जनपद कुशीनगर के जनता की बहुप्रतीक्षित मांग को पुरा करते हुए। योगी जी ने मेडिकल कॉलेज और ट्रामा सेंटर के लिए स्वीकृति प्रदान कर कुशीनगर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।इसके लिए युवा शक्ति संगठन मुख्यमंत्री जी,सांसद कुशीनगर, और स्वास्थ्य मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करता है। युवा शक्ति संगठन की आज मासिक बैठक मे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय संयोजक मनोज कुंदन ने कहा कि प्रदेश का सर्वांगीण विकास मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में हो रहा है, सबका साथ सबका विकास के ध्येय रख कर के सरकार पिछड़े इलाकों के विकास के लिए संकल्पित है। इसी क्रम में कुशीनगर मे मेडिकल कॉलेज और ट्रामा सेंटर बनने से असामयिक मौतों से सैकड़ों लोगों की जान बचाया जा सकेगी। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी मनोज कुन्दन,आजम खान,विशाल रौनियार, पुष्पेंद्र रौनियार, कृष्णा, गुलाब,अजय,टार्जन,असफाक,गुड्डू, अरविंद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ईवीएम/वीवीपैट गोदाम का डीएम ने किया निरीक्षण

**– गोदाम में लगी सिक्योरिटी को 24 घंटे तैनात रहने के दिए निर्देश**

अमिट रेखा अमेठी ब्यूरो

04 जनवरी जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में बने ईवीएमध्वीवीपैट गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने गोदामों में



रखी बीयूध्सीयू तथा वीवीपैट के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी देखा तथा गोदाम में लगी सिक्योरिटी को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार प्रत्येक माह गैर चुनाव अवधि के दौरान वेयरहाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण के निर्देश दिए गए थे, जिसके क्रम में आज वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारी व निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# पोखरे में मिली महिला की तैरती लाश ,हत्या की आशंका

**– हरपुर बुदहट क्षेत्र बिगहीं ग्राम सभा के किनारे पोखरे में तैरती दिखा महिला लाश**

अमिट रेखा खजनी गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र बिगहीं के पोखरे में महिला की लाश देख हड़कम्प मच गया । सूचना पर पहुंची हरपुर बुदहट पुलिस लाश को पोखरे से निकाल कर



पोस्टमार्टम को भेज दिया । समाचार लिखे जाने तक लाश की पहचान न हो सकी थी। गोरखपुर जनपद के खजनी सर्किल क्षेत्र हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र बिगहीं में उतराती लाश देख हड़कम्प मच गया सूचना मिलते पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षु ध थाना प्रभारी मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे । ग्रामीण के सहयोग से लास को बाहर निकाला गया । लास हालत देखने पर पहचान करना मुश्किल लगा , बिगत चार दिनों पूर्व की घटना लग रही । महिला लाल साड़ी मठमैला स्वेटर ,पायल पहने हुए है । चेहरा सूजा हुआ था । लास को देख हत्या होने का सन्देह किया जा रहा है । लास को क्षेत्रीय लोगों ने पहचानने से इनकार कर दिया । पब्लिक कहि से हत्या कर पोखरे में फेकने की आशंका कर रही है ।पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षु थाना प्रभारी ने बताया , लाश देखने से हत्या की बात सामने नही आ रही है । लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पस्ट होगा हत्या हुआ है या नही।

# अवैध मिट्टी लादकर जा रही ट्रेक्टर ट्राली को पुलिस ने किया सीज,खनन माफिया भेजा गया जेल

अमिट रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। हरपुर बुदहट क्षेत्र के पचौरी में रात्रि गश्त के दौरान तीन ट्रेक्टर ट्राली जिस पर मिट्टी लदी हुई थी उसको हरपुर बुदहट ने पकड़ कर सीज कर दिया ट्रैक्टर के साथ खनन



माफिया बेचन गोंड़ को भी पुलिस ने दबोच लिया इसी बीच खनन माफिया ने पुलिस से बत्तमीजी भी किया। दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और एक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। बताते चले कि एसएसपी के निर्देश पर थाने के जिमेदारो की रात्रि में भर्मण करने का निर्देश है आज सुबह 4 बजे उपनिरिक्षक फुलेंद्र यादव हमराहियों के साथ पचौरी–कटशहरा गस्त पर थे कि पचौरी चोराहे पर तीन ट्रेक्टर ट्राली मिट्टी लदी आ रही थी पुलिस ने तीनो चालको को रोका तो क्रमश उन्होंने अपना नाम बेचन गोंड़ पुत्र रामप्रीत गोंड़,अशोक गोंड़ पुत्र रामप्रीत गोंड़,चंदन पुत्र बुझारत ग्राम रावतपार बताया ,मिट्टी के बारे में जब पुलिस ने जानकारी लेनी चाही तो बेचन गोंड़ शराब के नशे में पुलिस से बत्तमीजी करने लगा, पुलिस से वाद विवाद के बीच अशोक गोंड़ अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

# जनपद बलरामपुर को मिले 19 नए आयुर्वेदिकध, होम्योपैथिक चिकित्सधिकारी

अमिट रेखा ब्यूरो बलरामपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मध्याह्न 12:00 बजे वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आयुष विभाग में नवनियुक्त चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरणध आयुष टेलीमेडिसिन योजनाध्योग वेलनेस सेन्टर का उद्घाटन किया गया। प्रदेश में लगभग 1100 आयुष चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिये गये। जिसमें जनपद बलरामपुर में कुल 19 आयुष चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुष चिकित्साधिकारियों से सीधे संवाद किया गया और कहा कि आप लोगों को शासन द्वारा जनमानस को सम्पूर्ण आरोग्य प्रदान करने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि आप सभी ईमानदारी एवं लगन से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। आयुष का विस्तृत क्षेत्र है एवं इसमें आरोग्य की अपार सम्भावनाएं है। इसी के साथ योग द्वारा हेल्थ टूरिज्म के वृहद अवसर प्राप्त होंगे। कलेक्ट्रेट स्थित एन0आई0सी0 कक्ष में सांसद श्रावस्ती राम शिरोमणि वर्मा, विधायक बलरामपुर पलटूराम, विधायक उतरौला रामप्रताप वर्मा, जिलाधिकारी बलरामपुर श्रीमती श्रुति द्वारा नियुक्त आयुष चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुये उन्हें शुभकामनायें दी गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार शुक्ल, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा० दिग्विजय नाथ, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डा0 संजय राव, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी दीपांकर श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहें।

# एसपी प्रदीप गुप्ता ने कोल्हुई थाने पर चौकीदारों में बांटा कम्बल

अमिट रेखा सुनील पांडेय



ब्यूरो महराजगंज। कोल्हुई थाना पर आज महराजगंज पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता द्वारा कोल्हुई थाना क्षेत्र के करीब 80 चौकीदारों में कम्बल वितरण किया गया साथ चौकीदारों की सराहना भी की गई और गांव की हर सूचना को पुलिस से अवगत करने की बात कही गई।वही एसपी प्रदीप गुप्ता ने बताया की इस तरह का वितरण सभी थानों पर किया जा रहा है । इस मौके पर मनोज सिंह,सहित कोल्हुई पुलिस उपस्थित रही।

## सम्पादकीय........

# आ गयी वैक्सीन

भारत के औषधि महानियंत्रक द्वारा कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए विकसित दो वैक्सीन के आपात उपयोग की अनुमति महामारी के विरुद्ध जारी लड़ाई में एक निर्णायक मोड़ है. यह भी एक बड़ी उपलब्धि है कि दोनों टीकों का निर्माण भारत में हुआ है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के लिए उत्साहवर्धक बताया है. पुणे स्थित सीराम इंस्टीट्यूट द्वारा निर्मित टीका ब्रिटेन के आस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा विकसित किया गया है, जबकि भारत बायोटेक ने विभिन्न सरकारी विभागों के सहयोग से देश में ही टीके को विकसित किया है. सीरम इंस्टीट्यूट दुनिया की सबसे बड़ी टीका निर्माता कंपनी है. केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने रेखांकित किया है कि भारत संभवतरू दुनिया का अकेला ऐसा देश हैं, जहां चार टीके लगभग तैयार हो चुके हैं. टीकाकरण की प्रक्रिया को सुचारु रूप से चलाने के लिए सरकार ने प्रशिक्षण और परीक्षण का सिलसिला शुरू कर दिया है तथा आशा है कि अनुमति मिलने के साथ ही टीकाकरण की प्रक्रिया बड़े पैमाने पर शुरू हो जायेगी. दुनिया के कई और देशों की तरह हमारे देश में भी कुछ लोग टीकों और उनके प्रभाव के बारे बेमतलब की बातें कर रहे हैं तथा अफवाहें फैलाने की कोशिशें भी हो रही हैं. यह ठीक नहीं है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने स्पष्ट किया है कि वैक्सीन के सामान्य उपयोग की अनुमति देने के क्रम में सभी स्थापित प्रक्रियाओं और नियमों का पालन किया जा रहा है तथा इस संबंध में कोई जल्दबाजी नहीं होगी. सरकार का इरादा जुलाई तक प्राथमिकता के आधार पर पचास वर्ष की आयु से ऊपर और कोरोना संक्रमण की स्थिति में घातक रोगों से ग्रस्त 27 करोड़ लोगों को टीका उपलब्ध कराना है. वैक्सीन ही वायरस को काबू में करने का एकमात्र हथियार है. इस संबंध में बेसिर–पैर की बातों पर ध्यान देना ठीक नहीं है. चेचक, पोलिया आदि अनेक रोगों को जड़ से उखाड़ने के प्रयास में टीकाकरण की सफलताओं से सभी परिचित भी हैं तथा टीकाकरण के लाभार्थी भी हैं. टीका नहीं लेना अपनी सुरक्षा के लिए खतरनाक तो है ही, इससे दूसरों के भी संक्रमित होने की आशंका बढ़ जाती है. महामारी से परेशान लोगों के लिए यह भी राहत की बात है कि दो बार दिये जानेवाले इस टीके को पूरे देश में हर किसी को बिना किसी दाम के मुहैया कराया जायेगा.हमारे वैज्ञानिक वायरस पर शोध में भी जुटे हुए हैं. इस क्रम में बड़ी सफलता यह मिली है कि ब्रिटेन से निकले कोरोना वायरस के नये रूप को पहली बार अलग कर उसकी परख की गयी है. वायरस और वैक्सीन पर हमारे शोधों की यह कामयाबी वैज्ञानिकों और संस्थाओं की विश्वस्तरीय क्षमता का सबूत है. जब तक हमें टीका नहीं लग जाता है, तब तक हमें सावधानी बरतने के निर्देशों का पालन करना है क्योंकि न्यूनतम स्तर पर ही सही, पर अभी भी संक्रमण का दौर जारी है.

## आज का राशिफल

मेष :– सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य एवं नये कायरे में व्यस्तता बढ़ेगी। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरतें।

बृषभ :– सामाजिक संबंधों में व्यस्तता बढ़ेगी। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को खुश रखेगी।

मिथुन :– वाक्यपटुता एवं व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

कर्क :– कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुबिधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः इसमें सुधार लायें। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

सिंह :– नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। जीवन साथी के साथ मधुर वाणी का उपयोग करें।

कन्या :– कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में अति व्यस्तता रहेगी। अपने स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

तुला :– निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई चिंताओं से मन ग्रसित रहेगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनों के सहयोग से समस्याएं हल होती हुई नजर आएंगी।

वृश्चिक :– नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा–प्रतियोगिता की दिशा में मन उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। घरेलू जरूरी कायरे को पूर्ण करें।

धनु :– अपने अंदर कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच–विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

मकर :– मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए स्वयं को नियंतण्ररखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें। रोजगार क्षेत्र में अनुकूल स्थिति रहेगी।

कुंभ :– महत्वपूर्ण कायरें की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अवसर प्रदान करेगी।

मीन :– नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है।

# कैप्टन कूल हैं अजिंक्य रहाणे

**आशुतोष चतुर्वेदी**

*उन्होंने 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ अपने कैरियर की शुरुआत की थी और 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना टेस्ट कैरियर शुरू किया था. वह भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान जरूर हैं, लेकिन टीम में उनकी जगह स्थायी नहीं है. वह लगातार अंदर बाहर होते रहते हैं. भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज फारुख इंजीनियर ने मीडिया से बातचीत में रहाणे को फाइटर बताया है. पूर्व क्रिकेटर प्रवीण आमरे ने कहा कि जिस तरह रहाणे ने युवा खिलाड़ियों पर भरोसा जताया, वह प्रशंसनीय है. नये खिलाड़ियों के साथ उतरना रहाणे का बड़ा फैसला था. उन्हें यकीन था कि ये दोनों युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं और इन खिलाड़ियों ने भी यह अवसर हाथ से जाने नहीं दिया. पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर ने अपने यूट्यूब चौनल पर कहा कि भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को बोरी में बांध कर मारा।*

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गयी भारतीय टीम की मेलबॉर्न में जीत की तो चर्चा हुई है, लेकिन टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे को वह श्रेय नहीं मिला, जिसके वह हकदार थे. यह जीत ऐतिहासिक है. जो टीम 10 दिन पहले अपने न्यूनतम टेस्ट स्कोर 36 रन पर सिमट गयी हो, वह अगले टेस्ट में विराट कोहली, मोहम्मद शमी जैसे स्टार खिलाड़ियों के बिना और नये तीन खिलाड़ियों– शुभमन गिल, ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज के साथ उतरे और उसी ऑस्ट्रेलियाई टीम को आठ विकेट से हरा दे. यह कोई साधारण उपलब्धि नहीं है. भारतीय टीम ने टॉस गंवा दिया था और गेंदबाज उमेश यादव मैच के बीच में चोट खा गये थे, लेकिन कप्तान रहाणे ने पूरे मैच की तस्वीर बदल दी. रहाणे ने न कोई हंगामा किया, न बेवजह की आक्रामकता दिखायी. उन्होंने बड़ी शांति और धैर्य से टीम का नेतृत्व किया और खुद शतक लगा कर पूरी टीम को प्रेरित किया. भारतीय टीम जब दूसरे दिन बल्लेबाजी के लिए उतरी, तो चेतेश्वर पुजारा और शुभमन गिल के विकेट गंवा दिये थे. इसके बाद रहाणे के ऊपर सारा दारोमदार आ गया था. उन्होंने सधी हुई पारी खेली. धीरे–धीरे पारी को संवारा और ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा के साथ साझेदारियां बनायीं और अपना 12वां टेस्ट शतक लगाया. यही शतक भारतीय टीम की जीत की आधारशिला बना. भारतीय टीम की जीत किसी चमत्कार से कम नहीं है, क्योंकि टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अपने सबसे कम स्कोर पर आउट होना और अगले ही मैच में ऑस्ट्रेलिया को ऑस्ट्रेलिया में ही हरा देना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है. इस जीत की चर्चा लंबे समय तक रहेगी. रहाणे जब टॉस के लिए मैदान में उतरे, तो शायद ही किसी ने सोचा होगा कि भारतीय टीम ऐसा कमाल कर दिखा पायेगी. रहाणे पर दबाव का तो आप अंदाज लगा सकते हैं. वह मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हैं, लेकिन वनडे और टी–20 में वे सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलते हैं. उन्होंने 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ अपने कैरियर की शुरुआत की थी और 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना टेस्ट कैरियर शुरू किया था. वह भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान जरूर हैं, लेकिन टीम में उनकी जगह स्थायी नहीं है. वह लगातार अंदर बाहर होते रहते हैं. भारत के पूर्व विकेटकीपर



बल्लेबाज फारुख इंजीनियर ने मीडिया से बातचीत में रहाणे को फाइटर बताया है. पूर्व क्रिकेटर प्रवीण आमरे ने कहा कि जिस तरह रहाणे ने युवा खिलाड़ियों पर भरोसा जताया, वह प्रशंसनीय है. नये खिलाड़ियों के साथ उतरना रहाणे का बड़ा फैसला था. उन्हें यकीन था कि ये दोनों युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं और इन खिलाड़ियों ने भी यह अवसर हाथ से जाने नहीं दिया. पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर ने अपने यूट्यूब चौनल पर कहा कि भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को बोरी में बांध कर मारा. शोएब अख्तर ने रहाणे की तारीफ की और कहा कि वह बेहद शांत और सौम्य हैं. रहाणे मैदान पर चिल्लाते नहीं हैं, चुपचाप अपना काम करते हैं. उनकी कप्तानी में खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया. रहाणे का शतक मैच का टर्निंग प्वाइंट भी था. भारत के तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा का कहना है कि रहाणे गेंदबाजों के कप्तान हैं. ईशांत शर्मा चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर हैं. उन्होंने कहा कि रहाणे शांत रहते हैं और आत्मविश्वास से ओत–प्रोत हैं. वह गेंदबाजों के कप्तान हैं. गेंदबाजों से पूछते हैं कि कैसी फील्ड चाहिए. वह कभी आदेश नहीं देते हैं. गौतम गंभीर ने कहा है कि रहाणे जैसे हैं, उन्हें वैसा ही रहना चाहिए. गंभीर ने कहा कि रहाणे और कोहली अलग–अलग व्यक्तित्व हैं. रहाणे विराट कोहली नहीं हो सकते हैं, विराट कोहली एमएस धोनी नहीं हो सकते हैं और धोनी कभी सौरव गांगुली नहीं हो सकते हैं. इस जीत से विराट कोहली की कप्तानी पर भी सवाल उठ रहे हैं. कोहली के लिए वर्ष 2020 कुछ खास नहीं रहा है. कोहली ने तीनों फॉर्मेट में एक भी शतक नहीं लगाया है. उनकी कप्तानी में न्यूजीलैंड में भारतीय टीम ने टेस्ट सीरीज गंवायी. ऑस्ट्रेलिया में एडीलेड में खेले गये पहले टेस्ट मैच में टीम ने आठ विकेट से शर्मनाक हार झेली और एडीलेड की दूसरी पारी में भारतीय टीम मात्र 36 रन ही बना सकी, जो टेस्ट क्रिकेट में टीम का सबसे कम स्कोर है. इसके बाद जैसे ही विराट भारत लौटे और अजिंक्य रहाणे को कप्तानी मिली, भारतीय टीम ने मेलबर्न जबर्दस्त वापसी की और आठ विकेट से मैच जीत कर और सीरीज 1–1 से बराबर कर ली. सीमित ओवर क्रिकेट में विराट कोहली की कप्तानी की तुलना रोहित शर्मा से की जाने लगी है और टेस्ट क्रिकेट में रहाणे से. विराट की कप्तानी में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु ने आज तक एक भी आइपीएल खिताब नहीं जीता है, जबकि रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस पांच खिताब जीत चुकी है. इस बात को लेकर चर्चा होती रही है कि सीमित ओवर क्रिकेट में विराट की जगह रोहित शर्मा को कप्तानी सौंप दी जानी चाहिए. मेलबर्न में भारतीय टीम की जीत के बाद यह विमर्श भी शुरू हो गया है कि रहाणे को टेस्ट टीम की कप्तानी सौंप दी जानी चाहिए, पर कोहली का इतना दबदबा है कि इस पर कोई फैसला होने की उम्मीद कम है. यह सच्चाई है कि इस वक्त विराट कोहली के स्तर का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कोई बल्लेबाज नहीं है, लेकिन यह भी सच है कि मैदान में कोहली बेवजह आक्रामक दिखायी देते हैं. आक्रामक और अहंकारी होने के बीच बहुत महीन फर्क है. भारतीय कप्तान विराट कोहली इस लाइन को कई बार पार करते नजर आते हैं. अक्सर विरोधी खिलाड़ियों से उलझते हैं, विरोधी बल्लेबाज के आउट होने पर टिप्पणी करते हैं और अंपायर के फैसलों पर सार्वजनिक रूप से प्रतिक्रिया देते नजर आते हैं. सौरभ गांगुली को आक्रामक कप्तान के रूप में याद किया जाता है, लेकिन वह कभी विवादित नहीं रहे. कोच रवि शास्त्री भी कोहली को नियंत्रित नहीं करते दिखायी देते हैं. कुछेक चयनकर्ता तो इसे विराट की खासियत बताते हैं. एक और चिंता की बात है कि टीम में ऐसा कोई खिलाड़ी नहीं है, जो उनके फैसलों से असहमत होने की हिम्मत कर सके. ऐसे में धौनी की याद आना स्वाभाविक है. धौनी ही एकमात्र खिलाड़ी थे, जो कोहली को सलाह देते थे. चार महीने तक सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित क्रिकेट प्रशासकीय कमेटी का हिस्सा रहे जाने माने इतिहास लेखक रामचंद्र गुहा ने हाल में एक लेख लिखा था, जिसमें कोहली को भारतीय क्रिकेट इतिहास के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से कहा था, पर उन पर कई सवाल भी खड़े किये थे. गुहा का कहना था कि बीसीसीआइ जैसी संस्था कोहली के आगे बौनी पड़ गयी है. कोहली को अपनी सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ भारतीय टीम का कप्तान बनते देखना चाहते हैं, लेकिन उन्हें बतौर कप्तान विनम्रता लानी पड़ेगी.

# लोकतंत्र की मजबूती पर बल

**जगदीश छोकर**

वर्ष 2020 हमारे देश के लोकतंत्र के लिए काफी कठिन रहा है, वर्ष 2021 में क्या होगा, यह कहना मुश्किल है, लेकिन यह तो कहा ही जा सकता है कि इस वर्ष (2021) में क्या होना चाहिएဠ वर्ष 2020 में, संसद और विधानसभाओं में जो काम होना चाहिए और जिस तरीके से होना चाहिए था, वैसा नहीं हुआဠ कारण चाहे महामारी रही हो या कुछ और, नतीजा यह रहा कि हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली थोड़ी पीछे रह गयी, यह सबसे ज्यादा जरूरी है कि इस वर्ष संसद और विधानसभाओं का कामकाज सुचारु रूप से चले, चुनाव सुधार और लोकतंत्र को मजबूत करने की बात करें, तो इसका बहुत लंबा इतिहास हैဠ लगभग तीस वर्षों से इस बारे में केवल चर्चा ही हो रही है, गंभीर प्रयास नहीं दिखा है, छोटे–मोटे सुधार तो हो जाते हैं, लेकिन ठोस सुधारों को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखती. जब भी कोई महत्वपूर्ण चुनाव सुधार होने की बात आती है, तब सभी राजनीतिक दल एकजुट हो जाते हैं, सूचना का अधिकार कानून इसका एक जीवंत उदाहरण है. यह कानून 2005 में लागू हुआ था. इसके बाद जब कुछ राजनीतिक दलों के आयकर रिटर्न की कॉपी मांगी गयी तो वह नहीं मिली. काफी संघर्ष के बाद केंद्रीय सूचना आयोग ने यह कॉपी हमें दी. उससे राजनीतिक दलों के वार्षिक आय के केवल 20 प्रतिशत स्रोत के बारे में ही पता चलता है, 75–80 प्रतिशत आय के स्रोत के बारे में पता ही नहीं चल पाता है,जब ये राजनीतिक दलों से पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि वे सूचना अधिनियम के तहत नहीं आते हैं. जून 2013 में केंद्रीय सूचना आयोग



की एक पूर्ण पीठ ने एकमत से निर्णय दिया कि सभी छह राष्ट्रीय राजनीतिक दल सूचना अधिनियम के अंतर्गत पब्लिक अथॉरिटी हैं. इसके बाद भी सभी छह दलों ने इसका पालन करने से इंकार कर दिया,राजनीतिक दलों के इंकार के बाद जब इसके खिलाफ सूचना आयोग में शिकायत की गयी, तो आयोग ने मार्च 2015 में कहा कि हमारा निर्णय एकदम सही है, लेकिन यदि राजनीतिक दल इसे नहीं मानते हैं, तो इसे लागू करवाने का अधिकार उनके पास नहीं है, इसके बाद यह मामला सर्वोच्च न्यायालय गया. न्यायालय में भारत सरकार ने शपथ पत्र दिया कि राजनीतिक दल सूचना के अधिनियम के अंतर्गत नहीं होने चाहिए, इसे विडंबना ही कहेंगे कि सूचना का अधिकार कानून, जो संसद में सर्वसम्मति से पारित हुआ था, वह राजनीतिक दलों को छोड़कर सभी पर लागू होता है, ऐसे कई मामले हुए हैं, जब राजनीतिक दल खुद को कानून के दायरे से बाहर समझते हैं. आज देश में एक ऐसा कानून बनने की जरूरत है, जिसमें राजनीतिक दलों के कामकाज के तरीके के बारे में दिशा–निर्देश हो. यदि ऐसा होता है तो बहुत अच्छा होगा, मेरी अपेक्षा है कि राजनीतिज्ञों के काम करने के तरीके को लेकर जो कानून बने, उसमें तीन मुख्य प्रावधान हो,एक, हमारे देश में जो राजनीतिक दल हैं, उनके भीतर का कामकाज लोकतांत्रिक प्रणाली के अंतर्गत चले,यह कितना विरोधाभासी है कि वे राजनीतिक दल, जो खुद लोकतांत्रिक नहीं हैं, वह देश के लोकतंत्र को चला रहे है, यह सही नहीं है, इसी के चलते कई वर्ष पहले विधि आयोग ने लिखा था कि यदि कोई संस्था आंतरिक रूप से लोकतांत्रिक नहीं है, तो वह बाहर के कामकाज में लोकतांत्रिक कैसे हो सकती है, दो, राजनीतिक दल खुद कहते हैं कि वह जनता में, जनता के लिए काम करते हैဠ ऐसे में प्रश्न उठता है कि यदि वे जनता के लिए काम करते हैं तो उनको जनता से कुछ भी नहीं छुपाना चाहिए, राजनीतिक दलों को जो पैसा मिलता है, वह कहां से व कैसे मिलता है और वे उसे कैसे व कहां खर्च करते हैं, इसका हिसाब स्पष्ट व पारदर्शी होना चाहिए, यानी, कानून के एक प्रावधान में आर्थिक पारदर्शिता की बात भी शामिल होनी चाहिएဠ ऐसा होना आवश्यक है, क्योंकि यदि राजनीतिक दलों को मिलने वाले पैसे के स्रोत के बारे में किसी को पता न हो, तो पैसा देने वाले लोग राजनीतिक दलों और सरकार पर दबाव बनाते हैं और अपने मन–मुताबिक काम करवाते हैं, जिससे कई बार जनता का अहित हो जाता हैဠ अभी कुछ वर्ष पहले ही सरकार इलेक्टोरल बॉन्ड योजना लेकर आयी है, जिसने आर्थिक पारदर्शिता को बिल्कुल ही खत्म कर दिया हैဠ यह मामला अभी सर्वोच्च न्यायालय में है, तीन, ऐसे लोग जिनके विरुद्ध आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं, जिसमें उन्हें दो, तीन या पांच वर्ष की कैद हो सकती है और यदि ये मुकदमे चुनाव के छह महीने पहले दर्ज किये गये हों, ऐसे व्यक्ति को चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं होनी चाहिए, यह बहुत चिंताजनक है कि वर्ष 2004 में लोकसभा में 25 प्रतिशत सांसद ऐसे थे, जिनके खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज थे, वर्ष 2009 में ऐसे सांसदों की संख्या बढ़कर 30 प्रतिशत, 2014 में 36 प्रतिशत और 2019 में 43 प्रतिशत हो गयी। यदि यह संख्या ऐसे ही बढ़ती रही, तो संसद में ऐसे ही लोगों का बहुमत हो जायेगा, ऐसे सांसदों से देश क्या उम्मीद कर सकता है? राजनीतिक दलों को ऐसे उम्मीदवारों को टिकट नहीं देने के लिए बार–बार कहा जाता है, लेकिन कोई भी राजनीतिक दल इसे मानने को तैयार नहीं है। ये कुछ ऐसी बाते हैं, जिनका संज्ञान लेना और इनसे जुड़ा कानून बनना चाहिएဠ हालांकि ऐसा होना मुश्किल है। लेकिन नये वर्ष में ऐसा होने की आशा है, साथ ही हमारा संघर्ष भी जारी है।

# नोरा फतेही ने शेयर किया ग्लैमरस फोटोशूट का वीडियो, हुआ वायरल






एक इंटरव्यू में नोरा ने खुलासा किया कि 2020 ने उन्हें सिखाया कि कैसे छोटी चीजों की सराहना करना चाहिए और किसी भी चीजों को हल्के में नहीं लेना चाहिए। नोरा ने यह भी कहा कि बाहरी होने के चलते इंडस्ट्री में नाम बनाना मुश्किल थास फिल्म एक्ट्रेस नोरा फतेही ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया हैस यह उनके हालिया फोटोशूट का वीडियो हैस उन्होंने हाल ही में फोटोशूट की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर की थीस नोरा ने रविवार को एक वीडियो शेयर किया हैस इसमें उन्होंने एक बॉडी कलर का गाउन पहन रखा हैस वह बहुत खूबसूरत लग रही हैस नोरा फतेही ने बेयोंसे और जय जे के गाने श्क्रेजी इन लवश पर फोटोशूट कराया हैस नोरा का वीडियो देखकर सभी हैरत में पड़ गए हैंस नोरा फतेही सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैंस उनके फॉलोअर्स बहुत ज्यादा हैस हाल ही में उनके दो करोड़ फॉलोअर्स इंस्टाग्राम पर हुए हैंस वह अपने निजी जीवन से जुड़ी झलक फैंस से शेयर करती रहती हैंस उन्होंने कई फिल्मों में शानदार डांस किया हुआ हैंस नोरा फतेही अपने फैंस का मनोरंजन करना जानती हैस हाल ही में वह गुरु रंधावा के गाने श्नाच मेरी रानीश में नजर आई थीस इसके अलावा वह जल्द अजय देवगन और संजय दत्त की फिल्म में भी नजर आएंगीस नोरा अपने डांस नंबरों के लिए जानी जाती हैंस उन्होंने फिल्म श्सत्यमेव जयते' में श्दिलबर', बाटला हाउस में श्ओ साकी साकी 'और श्स्ट्रीट डांसर 3 डी' में गर्मी गाने पर शानदार डांस किया थास नोरा अक्सर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने डांसिंग स्किल्स के वीडियो शेयर करती हैं। नोरा अब अभिषेक दुधैया की फिल्म श्भुजरू द प्राइड ऑफ इंडियाश में नजर आनेवाली हैस इसमें सोनाक्षी सिन्हा भी होंगी। ऋतिक रोशन जल्द सैफ अली खान के साथ फिल्म श्विक्रम वेदाश में नजर आएंगेस ऋतिक रोशन ने नए वर्ष के अवसर पर सीखा ड्रोन चलाना, ली खुद की ड्रोन सेल्फी, देखें वीडियो हाल ही में एक इंटरव्यू में नोरा ने खुलासा किया कि 2020 ने उन्हें सिखाया कि कैसे छोटी चीजों की सराहना करना चाहिए। नोरा ने कहा कि 2020 ने उन्हें सिखाया है कि किसी भी चीजों को हल्के में नहीं लेना चाहिए। अभिनेत्री ने यह भी कहा कि बाहरी होने के चलते फिल्म इंडस्ट्री में खुद का नाम बनाना एक चुनौतीपूर्ण काम था, वह खुद पर विश्वास करती है और कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहती है। नोरा फतेही की डांस स्किल्स काफी शानदार है।

# मलाइका अरोड़ा ने बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर के लिए बनाया शानदार खाना, तस्वीरें हुई वायरल



मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक कर दिया हैस इतना ही नहीं दोनों ने दिवाली भी साथ मनाई थीस दोनों ध र्मशाला में फिल्म के सेट पर भी साथ नजर आए थेस बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर गोवा में साथ समय बिता रहे हैंस दोनों ने अपने न्यू ईयर वेकेशन साथ मनाया है और कई तस्वीरें शेयर की हैस अब इंस्टाग्राम पर अर्जुन कपूर ने एक तस्वीर शेयर की हैस इसमें मलाइका अरोड़ा रविवार को खाना बना रही हैं सअर्जुन कपूर ने यह फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की हैस यह फोटो वायरल हो गई हैस अर्जुन कपूर ने फोटो शेयर करते हुए लिखा है, श्जब वह आपके लिए खाना बनाती हैसश साथ ही उन्होंने इसे मलाइका अरोड़ा को टैग किया हैस वहीं मलाइका अरोड़ा ने अपने हॉलिडे से कई तस्वीरें शेयर की हैस इसके अलावा उन्होंने नए साल की बधाई भी दी थीस मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक कर दिया हैस इतना ही नहीं दोनों ने दिवाली भी साथ मनाई थीस दोनों धर्मशाला में फिल्म के सेट पर भी साथ नजर आए थेस अर्जुन कपूर जल्द फिल्म श्भूत पुलिसश में नजर आएंगेस इस फिल्म में यामी गौतम, जैकलीन फर्नांडिस और सैफ अली खान की अहम भूमिका होगीस अर्जुन कपूर से अफेयर से पहले मलाइका अरोड़ा की शादी सलमान खान के भाई अरबाज खान से हुई थीस बाद में उन्होंने तलाक ले लिया थास मलाइका अरोड़ा बहन अमृता अरोड़ा के नए हॉलिडे होम में रह रही है और अपनी गोवा की छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। अपने प्रशंसकों के लिए रविवार को मलाइका ने इंस्टाग्राम पर अपने स्विमिंग सेशन से एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की। तस्वीर को शेयर करते हुए मलाइका ने लिखा, श्मुस्कुराओ, खुश रहो और 2021 को शानदार बनाओ .... रविवार की बधाई।श मलाइका ने इसे अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर भी शेयर किया और इसे कैप्शन दिया, श्यह एक शानदार रविवार है।श मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर जल्द शादी कर सकते हैस हालांकि अभी तक दोनों ने इस बात की घोषणा नहीं की हैं

# सोनाक्षी सिन्हा को मिली नया प्रोजेक्ट 'बुलबुल तरंग', पिछली कई फिल्में हुई फ्लॉप



अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा निर्देशक श्री नारायण सिंह की फिल्म में मुख्य किरदार अदा करने जा रही हैं जिसका अंतरिम नाम 'बुलबुल तरंग' रखा गया है। सिंह की पुरानी फिल्मों 'टॉयलेटरू एक प्रेम कथा', बत्ती गुल मीटर चालू (2018) की तरह यह फिल्म भी सच्ची घटना से प्रेरित होगी। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा निर्देशक श्री नारायण सिंह की फिल्म में मुख्य किरदार अदा करने जा रही हैं जिसका अंतरिम नाम 'बुलबुल तरंग' रखा गया है। सिंह की पुरानी फिल्मों 'टॉयलेटरू एक प्रेम कथा', बत्ती गुल मीटर चालू (2018) की तरह यह फिल्म भी सच्ची घटना से प्रेरित होगी। फिल्म की टीम से जुड़े एक सूत्र ने पीटीआई–से कहा, '' फिल्म में सोनाक्षी मुख्य भूमिका में हैं। इसमें राज बब्बर भी हैं। ताहिर राज भसीन भी इस फिल्म का हिस्सा हो सकते हैं। यह भारत की सामाजिक पृष्ठभूमि वाली फिल्म होगी और पुराने जमाने के रीति–रिवाज के बारे में होगी।'' पहली बार सिंह और सोनाक्षी साथ काम करेंगे। फिल्म की शूटिंग मार्च–अप्रैल में शुरू होगी। सोनाक्षी'भुजरू द प्राइड ऑफ इंडिया' फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रही हैं। इस फिल्म में अजय देवगन भी हैं और यह डिज्नीहॉटस्टार पर रिलीज होगी।

# ब्लैक बिकिनी में निया शर्मा का बोल्ड अंदाज









टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा अपनी बोल्ड तस्वीरों को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं।तस्वीरों में निया शर्मा ब्लैक बिकिनी में बीच पर पोज देती नजर आ रही हैं। उनकी इन तस्वीरों को जमकर लाइक और शेयर किया जा रहा है। निया शर्मा के फैन्स उनकी तारीफ करते थक नहीं रहे हैं और उनके इस पोस्ट पर हार्ट और फायर इमोजी शेयर कर रहे हैं।कुछ दिनों पहले निया को उनके बर्थडे केक के लिए काफी ट्रोल होना पड़ा था।



# बच्चे को रोजाना खिलाएं ये फूड्स, दिमाग होगा कंप्यूटर से भी तेज



सभी पेरेंट्स अपने बच्चे को हर काम में आगे बढ़ते देखना चाहते हैं। इसके लिए बच्चे का तेज दिमाग होना बेहद जरूरी है। दिमाग के अच्छे से काम करने से ही वे पढ़ाई पर ध्यान दे पाएंगे। ऐसे में उनकी डाइट का खास ध्यान रखने की जरूरत है। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसे आहार के बारे में बताते हैं जो ब्रेन पॉवर बढ़ाने में मदद करते हैं। तो आइए जानते हैं उन सुपर फूड्स के बारे में...

ओट्स

ओट्स खाने में टेस्टी होने के साथ पोषक तत्वों से भरपूर होता है। यह दिमाग के लिए ईंधन के तौर पर काम करता है। इसमें विटामिन बी, ई, कैल्शियम, आयरन, फाइबर, पोटेशियम, जिंक, एंटी–ऑक्सीडेंट्स गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से दिमाग का बेहतर तरीके से विकास होता है। साथ ही उसे अच्छे से काम करने में मदद मिलती है।

सूखे मेवे

ड्राई फ्रूट्स में विटामिन, कैल्शियम, आयरन, एंटी–ऑक्सीडेंट गुण होते हैं। इसके सेवन से शरीर को सभी जरूरी तत्व मिलने के साथ दिमाग का विकास होने में मदद मिलती है। खासतौर पर अखरोट एकाग्रता व स्मरण शक्ति बढ़ाने में फायदेमंद होता है। ऐसे में इसे ब्रेन फूड कहा जाता है। इसलिए बढ़ते बच्चों की डाइट में सूखे मेवे जरूर शामिल करने चाहिए।

जैतून तेल

इसमें विटामिन ई, के, जरूरी मिनरल्स व एंटी–ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। ऐसे में इससे तैयार खाने का सेवन करने से दिमाग का बेहतर विकास होने के साथ स्मरण शक्ति बढ़ती है। साथ ही दिमागी तनाव कम होकर मूड सही रखने में मदद मिलती है।

डार्क चॉकलेट

चॉकलेट खाने में वैसे भी बच्चों को बहुत अच्छी लगती है। मगर बात सेहत की करें तो इसके सेवन से तनाव कम होने में मदद मिलती। एंटी–ऑक्सीडेंट्स से भरपूर डार्क चॉकलेट से मूड बेहतर होने के साथ एकाग्रता शक्ति बढ़ती है। ऐसे में इसे बच्चों को खिलाना बेस्ट ऑप्शन है।

अंडा

अंडे में प्रोटीन, विटामिन, कैल्शियम आदि जरूरी तत्व होते हैं। इससे दिमाग घ्घ्क्के सेल्स विकसित होने में मदद मिलती है। ऐसे में दिमाग को बेहतर तरीके से काम करने की शक्ति मिलती है। इसके अलावा शरीर को भी सभी जरूरी तत्व मिलने से सेहतमंद रहने में मदद मिलती है।

फिश

फिश ओमेगा 3 का एक उचित स्त्रोत है। इसके सेवन से दिमाग के सेल्स अच्छे से विकसित होते हैं। मेमोरी पॉवर बढ़ने के साथ मूड भी बेहतर होने में मदद मिलती है।

# ससुरालवालों के लिए भाग्यशाली होती है इस दिन जन्मीं लड़कियां!



हर किसी का नेचर उसके जन्म तारीख, राशि व दिन के मुताबिक होता है। इससे व्यक्ति के स्वभाव, पसंद, नापसंद आदि चीजों के बारे में कुछ हद तक जाना जा सकता है। बात हम जन्म के दिन की करें तो बुधवार को पैदा हुई लड़कियां खूबसूरत होने के साथ तेज दिमाग की मालिक होती है। साथ ही ये जिस भी घर में जाती है, खुशियां ही फैलाती है। ऐसे में ये अपने ससुरालवालों के लिए बेहद ही भाग्यशाली होती है। तो आइए जानते हैं इनके बारे में विस्तार से...

भाग्यशाली

बुधवार के दिन पैदा हुई लड़कियां बड़ी किस्मत वाली होती है। माना जाता है कि इन पर भगवान की विशेष कृपा होती है। ऐसे में ये लड़कियां जहां भी जाती है, अपने खुशमिजाज व मिलनसार स्वभाव से खुशियां ही फैलाती है। साथ ही ये अपने ससुराल वालों के लिए भाग्यशाली होती है। इनके कारण इनके परिवार को कभी भी किसी चीज की कमी नहीं होती है। इनका घर हमेशा सुख–समृद्धि व शांति से भरा रहता है।

दिखने में खूबसूरत

बुधवार के दिन जन्मी लड़कियां दिखने में बेहद ही सुंदर व आर्कषित होती है। इनकी प्यारी सी मुस्कान किसी का भी दिल आसानी से जीतने का काम करती है। ऐसे में हर कोई इनसे जल्दी ही इंप्रेस होकर इनका दोस्त बनने की कोशिश करता है।

तेज दिमाग की मालिक

माना जाता है कि इस दिन पैदा हुई लड़कियों पर मां सरस्वती की खास कृपा होती है। ऐसे में इनका दिमाग बेहद ही तेज होता है। ये किसी भी काम में जल्दबाजी करने की जगह शांत व धैर्य मन से फैसला लेना सही समझती है। साथ ही इंटेलिजेंट होने से इनके पास हर चीज व विषय का ज्ञान होता है। साथ ही ये अपने करियर में सफलता को छूती है।

कला प्रेमी

तेज दिमाग की होने के साथ इन्हें अलग–अलग चीजों को करने व सीखने में मजा आता है। ऐसे में ये क्रिएटिवी करने में भी सबसे आगे होती है। इन लड़कियों को घर को अपने हाथों से सजाना, खाने में नई–नई चीजों को बनाने में खुशी मिलती है।

स्वभाव से कोमल

ये लड़कियां खुशमिजाज की होने के साथ नरम दिल की होती है। ऐसे में ये छोटी–छोटी बातों को जल्दी ही दिल पर लगा लेती है। साथ ही ये लड़कियां अपने परिवार के साथ बेहद अटैच होती है।

सबका ध्यान रखने वाली

बुधवार को जन्मी लड़कियां स्वभाव से कोमल होने के साथ केयरिंग होती है। ये अपने पार्टनर व परिवार के अन्य सदस्यों का अच्छे से ध्यान रखती है। ऐसे में अपने इस नेचर से ये परिवार को हमेशा एकता बनाएं रखती है।

# होममेड तेल से मिलेगी बालों को रस्सी जैसी मजबूती, दिनों–दिन लंबे होंगे बाल



बालों का झड़ना, ड्राईनेस, डैंड्रफ की समस्या आजकल काफी आम हो गई है। हालांकि लड़कियां बालों से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए महंगे ट्रीटमेंट, प्रोडक्ट्स और तेल का इस्तेमाल करते हैं लेकिन इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता। ऐसे में आज हम आपको आयुर्वेद होममेड हेयर ऑयल बताएंगे, जिससे ना सिर्फ बालों का झड़ना कम होगा बल्कि वो शाइनी व स्मूद भी होंगे। चलिए आपको बताते हैं तेल बनाने का तरीका...

सबसे पहले जानिए बाल झड़ने के कारण

. आनुवंशिकता व प्रदूषण

. हार्मोन में बदलाव

. अधिक तनाव लेना

. अधिक दवाइयांखाना

. हीटिंग प्रोडक्ट्स का अधिक यूज

. ऑयल मसाज ना करना

तेल के लिए सामग्री–

नारियल तेल

कलौंजी

प्याज – 2

त्रिफला चूर्ण – 1 चम्मच

कॉफी पाउडर

मेहंदी – 1 चम्मच

तेल बनाने का तरीका

सबसे पहले एक बाउल में सारी सामग्री को अच्छी तरह मिक्स कर लें।ध्यान रखें कि इसमें गांठे ना बनें। इसके बाद एक कड़ाही में सारी सामग्री को डालकर धीमी आंच पर 15–20 मिनट तक पकने के लिए छोड़ दें। अब आप इसमें मेहंदी डाल दें। अगर आपके पास नारियल तेल या त्रिफला चूर्ण नहीं है तो आप इसे स्किप भी कर सकते हैं। नारियल तेल की बजाए आप किसी और चीज का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके कुछ देर के लिए ठंडा होने दें और फिर छानकर तेल को अलग कर लें।

इस्तेमाल करने का तरीका

इसके लिए स्कैल्प पर तेल लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें और फिर ओवरनाइट के लिए छोड़ दें। सुबह माइल्ड शैंपू व कंडीशनर से बालों को अच्छी तरह धो लें। आप इस तेल का इस्तेमाल हफ्ते में 2 बार कर सकते हैं।

क्यों फायदेमंद है यह पैक?

इसमें मौजूद आयुर्वेदिक गुण स्कैल्प पर जड़ों से पोषण देते हैं, जिससे उनका टूटना कम होता है। साथ ही इससे सफेद बाल, ड्राईनेस, डैंड्रफ की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा।

# अगर आपके नाखूनों पर है ऐसे निशान तो समझ जाएं होने वाली है धनवान



खूबसूरत दिखने के लिए लड़कियां अपनी स्किन का खास ध्यान रखती है। ऐसे में वे अपने नाखूनों को भी सुंदर बनाएं रखने के लिए काफी मेहनत करती है। मगर फिर भी बहुत सी लड़कियों का नाखूनों का रंग अलग व इस पर निशान पड़े होते हैं। ऐसे में ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, ये हमारे स्वभाव, भूत और भविष्य के बारे में बताते है। तो चलिए आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए नाखूनों से संबंधित खास बातों के बारे में बताते हैं...

गुलाबी नाखून

गुलाबी नाखून दिखने में बेहद सुंदर लगते हैं। साथ ही रंगत की नाखून वाली लड़कियां आर्थिक तौर पर सक्षम होती है। इन्हें समाज में मान–सम्मान मिलता है। मगर किसी कारण ये किसी ऊंची पोस्ट पर ना हो तो भी घर, ऑफिस व समाज के लोग इनकी बातों पर खास ध्यान देते हैं। साथ ही दिमाग से तेज होने से बड़े से बड़ा व्यक्ति इनकी सलाह लेना सही समझता है।

लाल नाखून

लाल नाखून दिखने में बेहद ही सुंदर लगते हैं। साथ ही ये लड़कियां शारीरिक रूप से स्वस्थ और दिखने में काफी आकर्षित व खूबसूरत होती है। इसके अलावा इन्हें भाग्यशाली माना जाता है। इन्हें जिंदगी में कभी भी पैसों से जुड़ी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है। साथ ही ऐसी लड़कियों की मैरिड लाइफ बेहद ही सुखमय और खुशी से बीतती है।

नाखूनों पर बना अर्द्ध चन्द्र का निशान

नाखूनों पर अर्द्ध चन्द्र के निशान वाली लड़कियां मस्तमौला किस्म की होती है। ऐसे में ये किसी के मुताबिक चलने की जगह खुद के हिसाब से जिंदगी जीना पसंद करती है। साथ ही इनकी किस्मत में राजयोग होने से ये सफलता को जल्दी ही पाती है।

पीले नाखून

नाखूनों का पीला रंग सेहत के बिगड़ने की ओर इशारा करता है। ऐसी लड़कियों को खून की कमी होने के साथ पीलिया व अक्सर सिरदर्द होने की परेशानी रहती है। साथ ही इनका बर्ताव चिड़चिड़ा होने से ऐसी लड़कियों की मैरिड लाइफ काफी तनावपूर्ण रहती है।

नाखूनों पर सफेद या काले धब्बे

अगर किसी के नाखूनों पर सफेद या काले रंग के धब्बे हो तो यह सेहत के खराब होने की ओर इशारा करता है। ऐसे में इन्हें अपनी सेहत का खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। इसके अलावा ये लड़कियां अपने पार्टनर से लड़ने व झगड़ने वाली होती है।





# किसानों की माँग को केंद्र सरकार नही मानी तो किसान कुच करेंगे दिल्ली

अमित रेखा – संजय साहनी

नेबुआ नौरंगिया – कुशीनगर। दिनाँक 04 जनवरी 2021 को जनपद कुशीनगर के कप्तानगंज तहसील अंतर्गत ग्रामसभा लालाछपरा टोला भटवालिया में वेटरनस एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, किसान मोर्चा व जिलाध्यक्ष भाकियू (अम्बावता), कुशीनगर रामचन्द्र सिंह किसानों से मुलाकात किये और दिल्ली में हो रहे आन्दोलन में जो किसान शहीद हुए है उनको दो मिनट मौन रहकर श्रद्धाजंली अर्पित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष, किसान मोर्चा श्री सिंह ने देश में हो रहे किसान आन्दोलन के विषय में किसानों को अवगत कराया और केंद्र सरकार से माँग किया कि जो किसान दिल्ली आन्दोलन में शहीद हुए है उनके परिवार को सरकार एक एक करोड़ रूपये का मुवावजा दे और किसान विरोधी तीनों अध्यादेशों को तत्काल वापस ले यदि ऐसा नही होता है तो जनपद कुशीनगर का किसान दिल्ली में हो रहे किसान आन्दोलन में भाग लेने को मजबूर हो सकता है। आगे श्री सिंह ने किसानो को बताया कि राज्य की योगी सरकार किसान विरोधी सरकार है यह सिर्फ चुनाव के समय ही किसानों को याद करती है यदि ऐसा नही होता तो हमारे नेतृत्व में लक्ष्मीगंज बन्द चीनी मिल को चलवाने या यहाँ पर नया चीनी मिल लगवाने के लिये 2017 से लगातार माँग किया जा रहा है लेकिन अभी तक योगी सरकार द्वारा बन्द चीनी मिल लक्ष्मीगंज को चलवाने के लिये घोषणा नही किया गया। जनपद में किसानों का गन्ना अत्याधिक बरसात होने और बरसाती नाले की साफ सफाई ठीक से नही होने के वजह से खेतों में ही सुख गया और किसानों का धान हल्दिया रोग लग जाने के वजह से बर्बाद हो गया जिसके मुवावजा के लिये लगातार हमारे द्वारा माँग किया गया मगर सूबे की योगी सरकार अपने कान में तेल डालकर सो गयी है। अन्त में राष्ट्रीय अध्यक्ष, किसान मोर्चा श्री सिंह ने प्रदेश सरकार को भी स्पष्ट शब्दों में चेताया है कि लक्ष्मीगंज बन्द चीनी मिल को चलवाने या यहाँ पर नया चीनी मिल लगवाने, गन्ने का भुगतान सभी मिल मालिकों द्वारा 14 दिन में कराने, कप्तानगंज चीनी मिल किसानों के गन्ने का भुगतान पेराई सत्र 2019–20 को कराने में आनाकानी करती है तो हमारा संगठन जनपद में एक बृहद किसान आन्दोलन करने के लिये वाध्य होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी द्य इस मौके पर चेतई प्रसाद, हरि जी, भोरिक यादव, चाँदबली, फूलपती देवी, धर्मा देवी, बुधिया देवी,शिवराजी देवी,बादामी देवी,ढोंढा, कमला गौण, वाजिद अली, बालेश्वर,छेदी, शिवचरण यादव,कौलेश्वर राजभर,बालेश्वर, रामेश्वर वर्मा आदि किसान मौजूद रहे।

# 14 जनवरी मकरसंक्राति पर योगी के नेतृत्व में घर-घर पहुंचेगी वैक्सीन, उप्र होगा कोरोना से मुक्त

### – नकारात्मक मानसिकता वाले उठा रहे कोरोना वेक्सीन पर सवाल:मोनी पाण्डेय

अमित रेखा दुर्गेश मूर्तिकार

सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री ने देश और प्रदेश के लोगों के जीवन की रक्षा के लिए जिस तरह के प्रयास किए, उसी का परिणाम है कि कोरोना की वेक्सीन को मंजूरी मिल गई है। जो लोग इस पर सवाल उठा रहे हैं, वे सिर्फ राजनीति कर रहे हैं। ये नकारात्मक मानसिकता वाले लोग हैं, जिनका काम ही सवाल उठाना है। यह बात भारतीय जनता पार्टी की सिद्धार्थनगर महिला मोर्चा की अध्यक्ष कुमारी मोनी पाण्डेय ने कही। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि 14 जनवरी मकरसंक्राति से योगी के नेतृत्व में घर–घर वैक्सीन पहुंचेगी जिससे उप्र कोरोना से मुक्त होगा जिससे कोरोना की लड़ाई को जीता जा सकेगा। उन्होंने प्रदेश के ग्राम पंचायत एवं शहरी तथा जिला एवं मण्डलों के सर्वसमाज के लोगों से अपील की हैं कि वे कोरोना का टीका अवश्य लगाए और इस लड़ाई को जीतने में मोदी और योगी का सहयोग करते हुए आसपास के लोगों को भी टीकाकरण के लिए जाग्रत करें। मोनी पाण्डेय ने कहा कि आज के समय में कोरोना वेक्सीन देश की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जो प्रधानमंत्री मोदी के प्रोत्साहन और प्रयासों से पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कोरोना के वैश्विक संकट के दौरान जिस तरह से देश को नेतृत्व दिया है और देश के लोगों की जान बचाने के उद्देश्य से में वैक्सीन के निर्माण के लिए जो प्रयास किए हैं, वह बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री और को बधाई देती हूं। कुमारी मोनी पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पहले दिन से ही कोरोना से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाना शुरू कर दिए थे और आज जबकि वेक्सीन आ गई है, तब भी उन्होंने यही कहा है कि हमें सावधानी रखने की जरूरत है।

**अखिलेश यादव का एलान**

# सरकार बनी तो लागू करेंगे पदोन्नति में आरक्षण व्यवस्था

लखनऊ। चुनावी वर्ष शुरू होने के साथ ही आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने राजनीतिक दलों से मिलकर पदोन्नति में आरक्षण देने की व्यवस्था को लागू करने का अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में संघर्ष समिति के संयोजक अवधेश वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर पदोन्नति में आरक्षण बिल को संसद में पास कराने व पिछड़े वर्गों को भी पदोन्नति में आरक्षण देने की व्यवस्था लागू कराने में मदद करने की मांग की। अखिलेश ने भी आश्वासन दिया है कि सपा की सरकार बनने पर प्रदेश में पदोन्नति में आरक्षण की व्यवस्था लागू करने के साथ ही रिवर्ट किए गए दलित व पिछड़े वर्ग के कर्मियों के दुबारा प्रमोशन दिया जाएगा। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने सभी राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय अध्यक्षों से मिलने का कार्यक्रम तैयार किया है। इस मौके पर अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सपा सरकार में करीब 2 लाख दलित कार्मिकों को रिवर्ट किया गया था। जिससे दलित कार्मिक अभी तक खुद को अपमानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सपा अध्यक्ष से इस मुद्दे पर पार्टी का नजरिया स्पष्ट करने का भी अनुरोध किया। दलित व पिछड़े कार्मिकों के अधिकार के लिए हमेशा खड़े होने का भी भरोसा दिलाया अवधेश ने बताया कि करीब एक घंटे तक इस मुद्दे पर चर्चा के बाद सपा अध्यक्ष ने स्वीकार किया कि उनकी सरकार में कुछ गलतियां हो गई हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनते ही सबसे पहली कैबिनेट की मीटिंग में अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए पदोन्नति में आरक्षण की व्यवस्था को लागू कराते हुए रिवर्ट कार्मिकों का पूर्व तिथि से सम्मान वापस किया जाएगा और साथ ही पिछड़े वर्गों के लिए भी पदोन्नति में आरक्षण की पूर्व प्राविधानित व्यवस्था को भी बहाल कराया जाएगा। अखिलेश ने दलित व पिछड़े कार्मिकों के अधिकार के लिए हमेशा खड़े होने का भी भरोसा दिया है। सपा अध्यक्ष में मिलने वाले संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों में डॉ. रामशब्द जैसवारा, आरपी केन, एसपी सिंह, अनिल कुमार, श्याम लाल व अन्जनी कुमार शामिल थे। अवधेश ने कहा आगे भी सभी राजनीतिक पार्टियों के अध्यक्षों से मुलाकात कर पदोन्नति में आरक्षण बिल को संसद में पारित कराने की मांग की जाएगी।

# प्रतियोगिता खोज दर्पण पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे:सुजीत सिंह उर्फ गोलू

अमित रेखा राजा कुमार उर्फ सोनू

तरकुलवा/देवरिया। जनपद देवरिया अंतर्गत विकासखंड तरकुलवा के ग्रामसभा भरौटा विकासखंड तरकुलवा के अंतर्गत विगत वर्ष 2020 दिसंबर में प्रतियोगिता खोज दर्पण कार्यक्रम रखा गया था जिसमें कक्षा 6 से लेकर 8 तक व कक्षा 9 से 12 तक के छात्र छात्रा भाग लिए थे इस परीक्षा में प्रथम गीतांजलि गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा 6 से 8 तक की परीक्षा में राजन यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त की द्वितीय तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को को भी पुरस्कृत किया गया इस दौरान बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया था प्रथम स्थान पाने वाले छात्र छात्रा को साइकिल देख करके पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुजीत सिंह उर्फ श्गोलूश व शिक्षक संघ अध्यक्ष प्राथमिक विद्यालय अमरेंद्र यादव रहे मुख्य अतिथि के हाथों से पुरस्कार पाकर के बच्चों के चेहरे पर खुशी झलकती हुई देखी गई व कार्यक्रम का संबोधन अर्जुन राव, मकसूद आलम, प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र गुप्ता, अमरेंद्र यादव सुजीत सिंह गोलू आदि ने किया मंच का संचालन चंद्रेश पांडे द्वारा किया गया।

# गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज में अब छात्राओं को ही मिलेगा दाखिला

'अमित रेखा सत्य प्रकाश यादव'

ब्यूरो गोरखपुर। वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर में आगामी सत्र से अब सिर्फ छात्राओं का ही नामांकन होगा। छात्र लखनऊ व सैफई के स्पोर्ट्स कॉलेज जाएंगे। जो छात्र वर्तमान में यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं उन्हें लखनऊ व सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज में स्थानांतरित किया जाएगा जबकि वहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राएं गोरखपुर आएंगी। छात्राओं को प्रशिक्षित करने के लिए कोच समेत अन्य कर्मचारी भी महिलाएं ही होंगी। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। स्पोटर्स कॉलेजेज सोसायटी के मैनेजमेंट बोर्ड की बैठक में इस पर फैसला भी हो चुका है। अब कॉलेजों में सिर्फ आदेश आना बाकी है। नई व्यवस्था के अंतर्गत स्पोर्ट्स कॉलेजों में कक्षा छह से आठ और कक्षा नौ से बारह तक के खिलाड़ी भी अलग–अलग रखे जाएंगे। यह व्यवस्था भी अगले सत्र से लागू होगी। बोर्ड की अध्यक्ष एवं प्रमुख सचिव खेल कल्पना अवस्थी की अध्यक्षता में गत दिनों लखनऊ में हुई बैठक में इस पर मुहर लग चुकी है। आगामी सत्र से स्पोर्ट्स कॉलेज नए रूप में संचालित होगा। जिन व्यवस्थाओं को लागू करने की तैयारी चल रही है उसके अंतर्गत कॉलेज में जहां बायोमेट्रिक से हाजिरी लगेगी वहीं कॉलेज के सीसीटीवी का कंट्रोल रूम लखनऊ में बनेगा। कॉलेज में नामांकित हैं 310 छात्र–छात्राए कॉलेजों को पांच साल की ऑडिट रिपोर्ट देनी होगी और खिलाड़ियों की खुराक तैयार करने के लि डायटीशियन की मदद ली जाएगी। यही नहीं मेस के हर कर्मचारी का स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य होगा। सत्र के बीच में मेस की दरों में बढ़ोतरी नहीं होगी। वर्तमान में वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में कक्षा छह से बारह तक के कुल 310 छात्र–छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इनमें 190 छात्र व 120 छात्राएं शामिल हैं। गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोटर्स कॉलेज के प्राचार्य एके पांडेय ने बताया कि शासन स्तर पर कॉलेज को पूरी तरह से छात्राओं के लिए आरक्षित करने की तैयारी चल रही है। अभी तक इसका कोई आदेश नहीं आया है। आदेश मिलते ही यहां के छात्रों को लखनऊ व सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज में शिफ्ट कर दिया जाएगा। जबकि वहां की छात्राएं प्रशिक्षण के लिए यहां आ जाएंगी। यह व्यवस्था आगामी सत्र से लागू होने की उम्मीद है।

# पिकप और मोटरसाईकल मे हुई भिड़ंत से युवक की मौत

अमित रेखा सलामत अंसारी

खोरी बारी/भटनी देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में बरहज क्षेत्र के अंतर्गत कापरवार रुद्रपुर मार्ग पर दुगोली गांव के पास हाईवे पर पिकअप ने मोटरसाइकिल में मारी टक्कर जिसमें एक युवक घायल व एक युवक की मृत्यु हो गई। घायल युवक का नाम उत्कर्ष पांडे पिता धर्मेंद्र पांडे है। जिसकी उम्र लगभग 24 वर्ष बताई जा रही है व मृतक का नाम सूरज पांडे पिता अच्छेलाल पांडे इसकी उम्र लगभग 20 वर्ष बताई जा रही है। एक्सीडेंट के बाद घायल को देवरिया सदर अस्पताल भेजा गया व मृतक का शव पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमाडम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# ईट भट्टा मालिक ने खुद को गोली से उड़ाया

लखनऊ,(यूएनएस)। चिनहट थाना क्षेत्र के देवा रोड पर स्थित खंदक पूरे गोयला गांव में सोमवार की सुबह 40 वर्षीय ईट भट्टा मालिक ने अपने घर की बाउंड्री में खड़ी अपनी प10 कार में बैठ कर अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। ईट भट्टा मालिक के द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना के बाद चिनहट पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।



जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय शिवराज सिंह यादव अपनी पत्नी दो पुत्र और एक पुत्री के साथ चिनहट थाना क्षेत्र अंतर्गत देवा रोड पर स्थित खंदक पूरे गोयला गांव में रहते थे। शिवराज सिंह यादव ईट भट्टा मालिक थे बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह शिवराज सिंह चौहान अपने घर से ईट भट्टा जाने के लिए निकले और घर की बाउंड्री में खड़ी अपनी प10 कार में बैठे इससे पहले कि वो कार आगे बढ़ाते कार के अंदर से गोली की चलने की आवाज सुनाई दी। गोली की आवाज सुनकर परिजन जब कार के पास पहुंचे तो कार के अंदर शिवराज सिंह यादव लहूलुहान पड़े हुए थे कार में उनकी लाइसेंसी रिवाल्वर थी। परिजनों द्वारा सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। स्पेक्टर चिनहट धनंजय पांडे ने बताया कि शिवराज सिंह यादव द्वारा अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारी गई है उन्होंने बताया कि आत्महत्या किए जाने का कारण तो अभी पता नहीं चला है लेकिन यह पता चला है कि शिवराज सिंह यादव पिछले कई दिनों से डिप्रेशन में थे। हालांकि शिवराज सिंह यादव आर्थिक रूप से मजबूत थे बावजूद इसके उनका डिप्रेशन में रहना भी एक बड़ा सवाल है। बताया जा रहा है कि मृतक शिवराज सिंह यादव काफी दिनों से खामोश रहते थे पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है शिवराज सिंह यादव द्वारा अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या क्यों की गई। शिवराज सिंह यादव द्वारा की गई आत्महत्या की खबर जब गांव में फैली तो पूरे गांव में कोहराम मच गया बताया जा रहा है कि मृतक शिवराज सिंह यादव एक राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखते थे।

# भाजपा सलेमपुर मण्डल द्वारा किसान मेला बंगरा बाजार में शामिल होने जाते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत किया गया

अमित रेखा इमरानअंसारी ।

मेहरौना लार देवरिया। विधायक काली प्रसाद एवम सलेमपुर मण्डल अध्यक्ष कन्हैया लाल जायसवाल के नेतृत्व में भव्य स्वागत सोहनाग मोड़ पर किया गया। स्वागत के क्रम में ढोल नगाड़े और गाजे बाजे के साथ सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओ ने मण्डल की तरफ से स्मृति चिन्ह दिया। उपमुख्यमंत्री ने अपनी गाड़ी से निकलकर सबका अभिवादन स्वीकार किया। उक्त अवसर पर अशोक पांडेय,धनञ्जय चतुर्वेदी, अशोक तिवारी,अजय दुबे वत्स,पुनीत यादव,विकास रौनियार,त्रिपुणायक विश्वकर्मा, विनोद ठठेरा,बचनदेव गोंड़,दीपक श्रीवास्तव, उमाकांत मिश्र,रमाकांत मिश्र,अनिल ठाकुर,पंकज पासवान,गिरीश कुशवाहा, कन्हैया मिश्रा, मन्नजय मौर्य, छोटेलाल गुप्ता,अवधेश मद्देशिया, बृजेश कुशवाहा,अजय गौतम,सत्यप्रकाश दुबे,कुलदीप जायसवाल,राजकुमार गुप्ता,अमरेश सिंह बबलू,कृष्णकांत तिवारी,उपेंद्र पटेल,चेतन सिंह,शेषनाथ भाई,आशुतोष तिवारी,रविशंकर मिश्र,राकेश दुबे,अनूप उपाध्याय, राजेश रावत,रजनीकांत,ज्ञान पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने दिया सील सेंटरों को खोलने का आश्वासन

अमित रेखा सत्य प्रकाश यादव

'ब्यूरो गोरखपुर। गोरखपुर में गर्भस्थ शिशु की जांच में लापरवाही के मामले में सील अल्ट्रासाउंड सेंटरों और चारों डॉक्टरों पर केस दर्ज होने का मामला मुख्यमंत्री तक पहुंच गया। गोरखनाथ मंदिर में मुलाकात करने पहुंचे इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पदाधिकारियों को सीएम ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच के लिए नया मेडिकल बोर्ड गठित किया जाएगा। सील किए गए अल्ट्रासाउंड सेंटरों को खोले जाने के मामले में मुख्यमंत्री ने कहा कि नियम के दायरे में हर संभव मदद की जाएगी। आईएमए अध्यक्ष डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव और सचिव डॉ. वीएन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रशासन ने अचानक चार अल्ट्रासाउंड सेंटर सील कर दिया। चार डॉक्टरों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया है। जबकि जिस मेडिकल बोर्ड के आधार पर कार्रवाई की गई है, उसमें कोई विशेषज्ञ नहीं था। गर्भस्थ शिशु के फोर लिंब (दोनों हाथ पैर) की स्थिति को पकड़ने में अल्ट्रासाउंड मशीन केवल 18 प्रतिशत ही सक्षम होती है। ऐसी स्थिति में डॉक्टरों का कोई दोष नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईएमए पदाधिकारियों को आश्वासन दिया है कि मामले की जांच के लिए नया मेडिकल बोर्ड गठित किया जाएगा। मेडिकल बोर्ड में विशेषज्ञ शामिल रहेंगे। सीएम ने सील सेंटरों को खोलने का भी आश्वासन दिया। सीएम ने आईएमए के पदाधिकारियों से कहा कि डॉक्टरों और मरीजों के बीच बेहतर संवाद होना जरूरी है, क्योंकि डॉक्टरों पर मरीज भगवान जितना भरोसा करते हैं। इसलिए मरीजों के साथ समन्वय बेहतर होना चाहिए। इस दौरान डॉ. आरपी त्रिपाठी, डॉ. डीके सिंह, डॉ. अजय शुक्ला, डॉ. शशांक कुमार, डॉ. एसएस शाही, उत्तर प्रदेश नर्सिंग होम एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. एके चतुर्वेदी, सचिव डॉ. धर्मेंद्र राय मौजूद रहे। गर्भस्थ शिशु के मामले की पूरी जानकारी मुख्यमंत्री ने डीएम के विजयेंद्र पांडियन से जानी। बताया जाता है कि इसके बाद आईएमए के पदाधिकारियों को मिलने के लिए बुलाया गया। पदाधिकारियों से मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने डीएम को मामले में निष्पक्ष जांच कराने का निर्देश दिया है।

# प्रदेश में कोरोना वैक्सीनेशन का कार्य भारत सरकार की गाइडलाइन्स के अनुरूप संचालित किया जाएगा : योगी

लखनऊ,(यूएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना वैक्सीनेशन का कार्य भारत सरकार की गाइडलाइन्स के अनुरूप संचालित किया जाएगा। उन्होंने केन्द्र द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के क्रम में प्रथम चरण सहित आगामी चरणों में कोरोना वैक्सीनेशन की कार्यवाही सम्पन्न किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कल 05 जनवरी, 2021 को पूरे प्रदेश में कोरोना वैक्सीन के सम्बन्ध में ड्राई रन की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने पूरी प्रतिबद्धता से ड्राई रन की कार्यवाही किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे वैक्सीनेशन कार्य को सुगमतापूर्वक संचालित करने में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद स्तर पर कोरोना वैक्सीनेशन के सम्बन्ध में कार्यवाही प्रगति पर है। जिला स्तर पर इस सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कोरोना वैक्सीन की सुरक्षित स्टोरेज, प्रभावी कोल्ड चेन व्यवस्था तथा सुगम ट्रांसपोर्टेशन के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कोविड–19 के टेस्टिंग कार्य को पूरी क्षमता से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश में प्रतिदिन 1.5 लाख सैम्पल की जांच हो। उन्होंने कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस सिस्टम को निरन्तर प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जनपद स्तर पर इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर पूरी सक्रियता से कार्यशील रहें। समस्त जिलाधिकारियों तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से प्रतिदिन सुबह कोविड चिकित्सालय में तथा शाम को इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में समीक्षा बैठक की जाए। मुख्यमंत्री ने कोविड–19 के उपचार एवं बचाव की प्रभावी व्यवस्था को बनाये रखने के निर्देश दिए हैं।

# ब्लॉक पिपरौली के गरीब विकलांग विधवा असहाय पुरुष एवं महिलाओं में 210 लोगों में

### – कंबल वितरण किया गया

'अमित रेखा सत्य प्रकाश यादव'

ब्यूरो गोरखपुर। सहजनवॉ गोरखपुर के ग्राम सभा वसुधा में ब्लॉक पिपरौली के गरीब विकलांग विधवा असहाय पुरुष एवं महिलाओं में 210 लोगों में कंबल वितरण किया गया जिसकी अध्यक्षता श्री पंकज पाल ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा क्रांति मनोज यादव सहजनवा पूर्व प्रत्याशी सपा विधानसभा 324 सहजनवा ने कहा कि इस ठंड के समय में गरीब विकलांग विधवा असहाय के लिए समाज को खड़े होकर के इनकी मदद करनी चाहिए जिस तरीके से हमने पूरे लॉकडाउन में अपने पूरे विधानसभा क्षेत्र सहजनवा में गरीब मजदूर किसान विकलांग विधवा असहायो को राहत सामग्री खाद्यान्न सामग्री दवा इइत्यादि पहुंचा करके उनकी सहायता किया था उसी तरीके से पूरे विधानसभा में ठंडक के समय में कंबल वितरण करके जनमानस के बीच अपना योगदान देता रहूंगा श्री यादव ने कहा कि गीडा फैक्ट्री के मालिक मनमानी कर रहे हैं जनता रोजगार के लिए परेशान है वायु प्रदूषण जल प्रदूषण विधानसभा सहजनवा की जनता झेल रही है।

और नौकरी के नाम पर फैक्ट्री मालिक इन्हें ठेंगा दिखा रहे हैं और तो और ग्रामीणों की सड़क और नाला को भी अपने कब्जे में ले रहे हैं जबकि गीडा के फैक्ट्री मालिको को 20 लाख प्रतिवर्ष गांव में खर्च करने का प्रावधान है अगर जनता का आशीर्वाद मिला और मैं विधानसभा में पहुंचा तो सबसे पहले स्थानीय रोजगार नीति लागू करा कर के सहजनवा विधानसभा के लोगों को 50: रोजगार रिजर्वेशन दिला करके रोजगार देने का काम करुगा।

जिससे हर घर के एक व्यक्ति को रोजगार मिलेगा और स्थानीय रोजगार नीति से पूरे विधानसभा में खुशहाली होगी ! जन कल्याणकारी योजनाओं को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री अखिलेश जी द्वारा चलाया गया था उसी के क्रम में उन्हीं के निर्देश आदेश पर हम लोग जनता के बीच चाहे लाकडाउन के समय राहत एवं खाद्यान्न सामग्री का वितरण हो या ठंडी के समय कंबल वितरण शादी विवाह के समय में लोगों की मदद से सुख दुख में रहने का काम किया जा रहा है और आगे भी करेंगे साथ में मुख्य रूप से पंकज पाल सपा के जिलाउपाध्यक्ष दूधनाथ मौर्या बलुआ कबीर मठ के महंत श्री रामसेवक दास जी पूर्व जिलाउपाध्यक्ष धर्मराज शर्मा सपा नेता सुनील यादव किसान यूनियन के नेता संतराज यादव विजय नाथ यादव सत्येंद्र पहलवान भूलन पहलवान सूरज निषाद संगम यादव जी पाली हेमेंद्र पाल जी विकास राणा जी शुभम यादव जी अजीत यादव जी मुकेश रामप्रवेश गोलू चंचल चौबे यशवंत यादव पन्नी लाल पहलवान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गणमान्य एवं आम जनमानस उपस्थित थे।

# सभासदों का अनिश्चतकालीन धरना आरम्भ

**– दलित सभासद की पिटाई**

अमित रेखा – रामायण चौहान

कुशीनगर। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज नगर पंचायत कार्यालय परिसर में नगर के बारह सभासदों ने अपने पंद्रह सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना आरम्भ कर दिया है। नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार और विगत एक वर्ष से बोर्ड की बैठक न होने से नाराज पिछले छः महीने से आंदोलनरत है। इनका आरोप है कि नियम विरुद्ध तरीके से बिना बोर्ड की सहमति से को चेयरमैन प्रतिनिधि द्वारा मनमाने तरीके से बिना किसी टेंडर के अपने चहेतों को लाभ दिया जा रहा है। इनका कहना है कि पाच माह पूर्व जिलाधिकारी सहित अनेक उच्च अधिकारियों को आठ शिकायती पत्र दिया गया है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। चेयरमैन रुखसाना लारी विगत 11 बैठकों में गायब रहीं हैं और उनके जगह उनके प्रतिनिधि ही उपस्थित रहे और पिछले एक वर्ष से बोर्ड की कोई भी बैठक नहीं बुलाया गया है, यहां तक कि राष्ट्रीय त्यौहार स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस,गांधी जयंती पर वह नहीं आती हैं, अतः चेयरमैन का वित्तीय पावर सीज करते हुए बर्खास्त कर उन पर जांच बैठाई जाए, दोषी पाए जाने पर दंडित किया जाए और नगर पंचायत एक्ट 1916 के धारा 89 के अन्तर्गत सभासदों में से किसी को अध्यक्ष मान कर बोर्ड की बैठक कराई जाय। अपने मांग पत्र में यह भी मांग की है कि सुभाष चौक पर स्तिथ वाटर एटीएम को जनहित में जल्द से जल्द चलाया जाए, जिससे नगर के लोगों को स्वच्छ जल मिल सके। यहां यह भी बताना आवश्यक है कि विगत कुछ महीने पहले तक बिना टेंडरध्वर्क ऑर्डर के एक अज्ञात महिला द्वारा इसका संचालन होता था लेकिन जब सभासदों ने इसके विषय में जानना चाहा तो आनन फानन में वाटर एटीएम को बंद करा दिया गया और अज्ञात महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए नगर पंचायत कार्यालय द्वारा स्थानीय पुलिस स्टेशन पर मेमो भेजा गया हालांकि यह अलग बात है कि अभी तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। वहीं अधिशासी अधिकारी देवेश मिश्रा को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन करने और लूट खसोट में बराबर का हिस्सेदार मानते हुए उनके निलंबन और बर्खास्तगी की मांग की गई है। सभासदों द्वारा अन सभी टेंडरों,वर्क ऑर्डर पर रोक लगाने एवं भुगतान न करने की मांग की गई है जो बिना बोर्ड कि सहमति से कराएं जा रहे हैं या हो चुके हैं। विगत तीन वर्षों में विद्युत सामग्री,सोलर लाइट,बल्ब, एल ई डी सहित जो भी खरीददारी की गई है उसकी जांच की मांग की गई है,इनका आरोप है कि उक्त सामानों की खरीददारी में भारी वित्तीय अनियमितता बरती गई है,जितनी खरीद हुई है उसके सापेक्ष उपयोग नहीं हुआ है। नगर में तमाम कार्यों का भुगतान बिना के कार्य कराए किया जा चुका है, जिसकी जांच होनी चाहिए और दोषी को दण्डित किया जाय। हालांकि इनके शिकायत पर जिलाधिकारी कुशीनगर ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया पूर्ण चंद बोहरा एवं उपजिलाधिकारी खड्डा अरविन्द कुमार को जांच के लिए निर्देशित किया था,जिसमे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया ने नगर में घूम कर भौतिक सत्यापन करते हुए कई मामलों की जांच की थी, सूत्रों की माने तो उपजिलाधिकारी खड्डा ने भी अपनी जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी महोदय को सौंप दी है,लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई न होने से हमें धरना देने के लिए बाध्य होना पड़ा है। इसके पूर्व आज प्रातः काल में धरना प्रदर्शन की तैयारी के लिए वार्ड नं 1 की दलित सभासद श्रीमती इंदु देवी के पति कैलाश भारती जब नगर पंचायत कार्यालय के परिसर में गए तो वहां पर चेयरमैन के रिश्तेदार अयूब अहमद एवं कुछ अज्ञात लोग वहां स्तिथ वाटर टैंक पर मधुमकखियों के छत्ते को हटा रहे थे जिसके कारण पूरे परिसर में मधुमक्खियां फैली हुई थी। इसपर जब सभासद प्रतिनिधि ने आपत्ति जताई तो उन्हें जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां देते हुए बुरी तरह मारा पीटा गया, जिससे वह मौके पर बेहोश हो गए। जानकारी होने पर सभासद संतोष तिवारी और महादेव चौधरी मौके पर पहुंचे और बेहोश सभासद प्रतिनिधि को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुर्कहा ले गए जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकत्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिसकी मौखिक और लिखित सूचना स्थानीय थाने में देकर कार्यवाही की मांग की गई है।




**खबर लिखे जाने तक धरना जारी था।**

इस अवसर पर सभासद गायत्री देवी,इंदु देवी, भगवती शरण पांडेय,संजय गुप्ता,पशुपति नाथ रौनियार,गजेन्द्र यादव,अनिल गुप्ता,महादेव चौधरी,विनोद यादव, मनोनीत सभासद संतोष तिवारी,प्रिंस मद्धेशिया,मधोक गुप्ता सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# स्व० शिवराज सिंह की द्वतीय पुण्य तिथि पर विधायक आशीष सिंह आशू ने किया विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

अमित रेखा ताहिर हुसैन। ब्यूरो – हरदोई। हरदोई मल्लावां जूनियर हाईस्कूल में




लोक तंत्र सेनानी स्व. श्री शिवराजसिंह जी की द्वितीय पुण्यतिथि एवं डा आलोक की स्मृति में विशाल स्वास्थ्य शिविर का बिलग्राम विधायक आशीष सिंह आशु ने किया आयोजन मल्लावा ! आज जूनियर हाई स्कूल मैदान मल्लावा मे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन विधायक आशीष सिंह आशू की अध्यक्षता में किया गया।शिविर का शुभारम्भ चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री सुरेश खन्ना. सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने किया शिविर में मिश्रित सांसद अशोक रावत सवायजपुर विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू, युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष संदीप सिंह, भाजपा नेता प्रीतेश दीक्षित ,मल्लावां नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि समाजसेवी विशाल जायसवाल सहित आदि लोग मौजूद रहे शिविर में आम्रपाली हॉस्पिटल, मेकवेल हॉस्पिटल, माँ हॉस्पिटल लखनऊ, फोर्टिस हॉस्पिटल गुरग्राम, रानी साहिबा कटियारी हॉस्पिटल हरदोई, हेल्थ केयर हॉस्पिटल कानपुर के विशेषज्ञों द्वारा मरीजो की जांच की गई।निःशुल्क शिविर में मल्लावा विधान सभा क्षेत्र के अस्वस्थ लोगो ने विशेषज्ञों से परामर्श लेकर लाभान्वित हुए। शिविर में नेत्र चिकित्सा शिविर नव ज्योति चिकित्सालय के विशेषज्ञों द्वारा आँखो की जाँच भी की गई।भविष्य का विश्व गुरु आत्मनिर्भर भारत विचार गोष्ठी सेलिब्रेशन गेस्ट हाउस में संपन्न हुई।निःशुल्क शिविर का आयोजन हुआ जूनियर हाईस्कूल मल्लावां,हरदोई में मा. विधायक श्री आशीष कुमार सिंह श्आशूश के पूजनीय पिता स्व. शिवराज सिंह जी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में श्री सुरेश खन्ना जी की उपस्थिति में कार्यक्रम को संबोधित किया और लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया।दिव्य लोक सेवा मिशन के अध्यक्ष विधायक आशीष सिंह आशू एवं संरक्षक श्रीमती विमला सिंह द्वारा किया गया। डा अभिलाष वर्मा एवं नीरज विधार्थी ने आए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की हुई मौत,मायके पक्ष ने जताई आशंका

अमित रेखा ताहिर हुसैन

हरदोई बिलग्राम। हरदोई कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मृतका शकुंतला पति सुधीर उपरोक्त



परिवार में फूलमती का बड़ा भाई धनीराम दूसरा भाई दिल्ली में रहते थे सुधीर परिवार के साथ दिल्ली में रहता है बड़ा भाई एक माह पहले गांव आया था दिल्ली से प्राइवेट बस से माधौगंज आया था सुबह 9रू00 बजे बस से उतरते ही शकुंतला को चक्कर आ गया। चक्कर आते ही वह बेहोश होकर गिर गई पति ने रिक्शा से अस्पताल माधौगंज लाया जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया 9रू30 बजे लगभग फोन से सास–ससुर को सूचना दी गई कुछ देर बाद परिजन माधौगंज पहुंचे बिलग्राम पुलिस द्वारा बताया गया है की नवाब सिंह पुत्र रामचंद्र सिंह निवासी नानामऊ थाना कुरावली जनपद मैनपुरी से आकर सूचना दी कि उनकी पुत्री शकुंतला किसी अज्ञात कारण से मृत्यु हो गई है। सूचना पर पंचायतनामा कार्यवाही हेतु उप निरीक्षक वीर प्रताप सिंह के साथ कार्यवाही हेतु मौके पर पुलिस बल ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचायत विभाग कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया।

# रामपुर चंद्रभान में हुआ क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**– अशोक सिंह ने फीता काटकर किये क्रिकेट का शुभारंभ**

**– बरवा मीर छापर को हरा कर रामपुर बनहर ने किया ट्राफी पर कब्जा**

अमित रेखा जितेन्द्र कुमार सिंह

रामपुर कारखाना–देवरिया। श्री सेखुआ बीर बाबा क्रिकेट क्लब रामपुर चन्द्रभान में सात दिवसीय क्रिकेट का आयोजन





किया गया।जिसके मुख्य अतिथि अशोक सिंह ने फीता काटकर क्रिकेट का शुभारंभ किये।जिसमे रामपुर बनहर की टीम ने 10 ओवर में 139 रन पर 5 विकेट खोकर ट्राफी पर कब्जा किया।और रनो का बौछार किये सोनिलाल ने अकेले ही 70 रन की ओपनिंग पारी कर खरे उतरे।बरवा मीर छापर को 21 रनो से हार का सामना करना पड़ा।रामपुर बनहर टीम के सोनिलाल को मैन ऑफ द मैच देते हुए जितेन्द्र सिंह।टूर्नामेंट के आयोजक–रोहित सिंह,पप्पू,अमित,पेप्सी,गोलूधनजी,मंटू, मनीष,अनीस,आदि लोग उपस्थित रहे।

# पिछली सरकारों ने देवरिया को पाताल बना डाला:केशव प्रसाद मौर्य

अमित रेखा दिनेश गुप्ता

देवरिया। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने देवरिया में कहा कि पिछली



सरकार ने देवरिया को कुआं नहीं पाताल बना दिया था. हमारी सरकार इसे ऊपर उठाने का काम कर रही है. साथ ही उन्होंने कहा कि देवरिया चीनी का कटोरा है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आज देवरिया पहुंचे. यहां बंगरा बाजार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भागवत भगत खंजड़ी वाले बाबा के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किसान मेला आयोजित की गई. देवरिया पहुंचे डिप्टी सीएम के स्वागत में सदर विधायक सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी और बीजेपी सांसद रमापति राम त्रिपाठी और रामपुर कारखाना विधायक के प्रतिनिधि डॉक्टर संजीव शुक्ला मौजूद रहे. इस दौरान बीजेपी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने डिप्टी सीएम को माला और पुष्प देकर सम्मानित किया.केशव प्रसाद मौर्य का देवरिया दौरा. इस दौरान उन्होंने सदर विधायक सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी के आवास पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने देवरिया को कुआं नहीं पाताल बना दिया था, जिसको हमारी सरकार अब धीरे–धीरे अब ऊपर उभार रही है. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता उत्साहित हैं. यहां के लोकप्रिय सांसद और लोकप्रिय विधायक आप लोग भी साथ में हैं. उन्होंने कहा कि आज मैं देवरिया सदर का दौरा अधूरा मानता हूं. एक बार फिर दोबारा देवरिया दौरा करने आऊंगा और यहां के विकास की अच्छी तरह से समीक्षा करूंगा. विकास कार्यों को और आगे तेजी से बढ़ाने का कार्य करने का कार्य करूंगा।डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देवरिया चीनी का कटोरा है. हम दावे से कह रहे हैं कि जितना कार्य हमारी सरकार ने किया है और लगातार करने का प्रयास कर रही है, पिछली सरकारों ने तो केवल देवरिया को कुआं नहीं बल्कि पाताल बना दिया था. हम धीरे–धीरे उभार कर इस पाताल को ऊपर ला रहे हैं. उन्होंने कहा कि माननीय सांसद जी ने लोकसभा में देवरिया का विकास का मुद्दा उठाया है. वह हमारे नेता हैं, हम उनका पूरा सम्मान करते हैं और जनहित में जो भी काम है उसे पूरा करेंगे।

# कोविड–19 टीकाकरण अभियान के ड्राई रन के संबंध में जिलाधिकारी ने की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

अमित रेखा अमेठी ब्यूरो

04 जनवरी को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कोविड–19 टीकाकरण अभियान पूर्व ड्राई रन के सम्बंध में जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुयी। शासन के



निर्देशानुसार जनपद अमेठी में 5 जनवरी 2021 को कोविड 19 वैक्सीनेशन का ड्राई रन किया जायेगा। इसके तहत कुल 06 सत्र आयोजित किये जायेंगे। ड्राई रन 3 ग्रामीण व 3 शहरी क्षेत्रों में किया जाएगा। शहरी क्षेत्रो में अमेठी, मुसाफिरखाना, गौरीगंज में किया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्र में जगदीशपुर, फुरसतगंज व तिलोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर होगा। इस पूरी प्रक्रिया में किसी को भी वैक्सीन नहीं लगायी जाएगी बल्कि केवल वैक्सीन लगाने का मॉक ड्रिल होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आशुतोष दूबे ने बताया कि इसमें बायोमेडिकल वेस्ट का निष्पादन करने, ओब्सेर्वेशन कमरे में लाभार्थी को रखने के बाद वैक्सीन का प्रतिकूल प्रभाव देखने और उसका इलाज करने का ड्राई रन किया जायेगा। प्रत्येक सत्र पर तीन कमरों में टीकाकरण केंद्र बनाया जायेगा। पहला रूम वेटिंग रूम, जहां पर टीकाकरण कराने वाले लाभार्थियों को बैठाया जायेगा। दूसरा रूम वैक्सीनेशन रूम, जहां पर लाभार्थियों को टीका लगाया जायेगा तथा यहां पर टीकाकर्मियों की एक टीम जिसमें एक स्टाफ नर्स, एक एएनएम एवं एक वेरीफायर मौजूद रहेंगे। वेरीफायर द्वारा टीका लगने वाले व्यक्ति के पहचान पत्र वेरिफाई किया जायेगा। तीसरा रूम ऑब्जरवेशन रूम, जिसमें टीकाकरण के बाद लाभार्थियों को करीब आधे घंटे तक बैठाया जायेगा। जहां पर 30 मिनट के भीतर टीका लगने वाले व्यक्ति के पर टीके के प्रतिकूल प्रभाव पर विशेष नजर रखी जायेगी। इसके लिए एक स्पेशलिस्ट टीम तैनात की जाएगी जिसमें डाक्टर और पैरामेडिकल स्टॉफ शामिल रहेंगे, जो एईएफआई (एडवर्स इफेक्ट फालोइंग इम्युनाइजेशन) किट के साथ देखरख करेंगे। वैक्सीनेशन के 30 मिनट बाद ही लाभार्थी को घर भेजा जायेगा । वैक्सीन का प्रभाव दोनों ही प्रकार से देखा जायेगा। वैक्सीन के गंभीर प्रतिकूल प्रभाव और हल्के प्रतिकूल प्रभाव होने पर लाभार्थियों को किस तरह से इलाज मुहैया करा जायेगा इसका रिहर्सल किया जायेगा। यह पूरी प्रक्रिया कोरोना से बचाव के सभी प्रोटोकॉल्स जैसे मॉस्क पहनना, बार–बार 20 सेकेण्ड तक हाथ धोना और 2 गज की शारीरिक दूरी का पालन करते हुए संपादित की जायेगी। जिलाधिकारी ने समस्त तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश देते हुये कहा कि प्लानिंग के अनुसार समस्त कार्यवाहियां सुनिश्चित की जायें। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुधीर रुंगटा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष दुबे सहित समस्त एम0ओ0आई0सी0 मौजूद रहे।

## कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण के पहले दिन बटा गणवेश

अमित रेखा – राकेश कुमार वर्मा

दुदही – कुशीनगर। उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा चलाया जा रहे कौशल विकास मिशन योजना का ट्रेनिंग सेंटर गौतम बुध इंटर कालेज तिलक पट्टी में बनाया गया है। जिसमें आज सिलाई प्रशिक्षण के पहले दिन छात्रध्छात्राओं को ड्रेश वितरण किया गया।केंद्र संचालक मंजू सिंह ने बताया कि कौशल विकास योजना में बच्चो को प्रशिक्षण देने के उपरांत रोजगार भी देने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही कौशल विकास योजना के होने वाले लाभ के बारे में विशेष चर्चा किया गया।

वितरण कार्यक्रम मे डीपीएमओ साहब और केंद्र संचालक मंजू सिंह सहयोगी अभय कुशवाहा, विद्यालय के प्रधानाचार्य बबीता कुशवाहा, प्रभूदयाल, कुशवाहा, विजय मौर्या पत्राकार आर के वर्मा उपस्थित रहे।

## नीलगाय की दिन दहाड़े गोली मारकर की गई हत्या,मुकदमा दर्ज,दो गिफ्तार

अमित रेखा मण्डल प्रभारी अजय सिंह

अयोध्या।मवई थाना क्षेत्र के बाबा का पुरवा मजरे सुनबा गांव में दिन दहाड़े बीच गांव में नीलगाय की गोली मारकर हत्या कर दी गई।मामले की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस व वन विभाग को दी।सूचना पर वन विभाग और पुलिस की टीम जिसमें नवीन चौकी प्रभारी विनय यादव,वीट आरक्षी जीतेंद्र कुमार राय,सिपाही सरस,सौरभ व वन विभाग से वन आरक्षी राजबहादुर,राम सागर माली,डिप्टी रेंजर वीरेंद्र तिवारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से असरफ पुत्र अनीस व एक अन्य युवक निवासी मख्दूमपुरष्कलाष्थाना बाजार शुक्ल जिला अमेठी को गिरफ्तार कर लिया।क्षेत्राधिकारी रूदौली डॉ0 धर्मेंद्र यादव ने बताया कि नीलगाय के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।वन विभाग की ओर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष मकरसंक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं!



ग्राम प्रधान प्रतिनिधि

रफत खान

ग्राम- पनडरवा किला, जिला- हरदोई

## पानी टंकी में डुबने से दो वर्षीय बालक की मौत, प्रधान प्रतिनिधि पर मुकदमा दर्ज

अमित रेखा – अल्केन्द्र पाण्डेय/शैलेश कुमार बंटी

तमकुही राज – कुशीनगर। ग्राम प्रधान की घोर लापरवाही के चलते पानी की टंकी में डुबने से दो वर्षीय मासूम की मौत।ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज। मौके पर



क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए मृतक शरीर को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजवाया। बताते चलें कि सीओ सर्किल तमकुही राज के सेवरही थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तिवारी पट्टी घाट टोला निवासी बीर बहादुर निषाद उर्फ जंगी निषाद का दो वर्षीय मासूम पुत्र सत्यम निषाद का पंचायत भवन में बन रहे पानी की टंकी में डुबने से मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने मृत मासूम को सेवरही पड़रौना मार्ग पर रखकर आवागमन को जाम करते हुए ग्राम प्रधान सहित स्थानीय प्रशासन के विरोध नारेबाजी करने लगे। मौके पर उपजिलाधिकारी तमकुही ए०आर० फारुकी सहित प्रभारी निरीक्षक सेवरही उमेश कुमार अपने मय हमराही सिपाहियों सहित पहुंचकर पीड़ित परिवार सहित आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का हर संभव प्रयास किया गया। परन्तु ग्रामीणों की एक ही मांग थी कि सम्बन्धित ग्राम प्रधान के विरूद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज हो। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए मृतक शरीर को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक सेवरही के अनुसार उपरोक्त में ग्राम प्रधान गोदावरी देवी के पति जटाशंकर जायसवाल पर स्थानीय थाने में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## सावित्रीबाई फुले की जयंती पर एम.ए.जे आई.स्कूल बैकुंठपुर कोठी में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

अमित रेखा –अरविंद कुमार सिंह (तर्कशील)

जंगल नौगांवा – कुशीनगर। जनपद के दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत बैकुंठपुर कोठी में रविवार के दिन सावित्रीबाई फुले की जयंती पर



एम .ए. जे .आई .स्कूल बैकुंठपुर कोठी में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जो रविवार के दिन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर युवा संघर्ष दल बैकुंठपुर द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के आयोजन में कक्षा 6 7 8 के छात्र छात्राओं को 325 बच्चों में लिखित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भाग लिए। विद्यालय के प्रबंधक महमूद हसन ने बताया कि प्रथम छात्रों को साइकिल दिया जाएगा। इस दौरान सुभाष चंद्र वर्मा, जय मंगल गौतम, महमूद हशन, पप्पू भारती, लक्ष्मण प्रसाद, मुना वर्मा, नागेंद्र सिंह भारती ,अवनीश भारती, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. - 9532989009

उप सम्पादक - के.के. राय

सह. सम्पादक- चन्द्रशेखर यादव

मण्डल प्रभारी गोरखपुर- राजू प्रसाद श्रीवास्तव मो०- 9792617070

विज्ञापन व्यवस्थापक- नसरूल्लाह अंसारी

प्रबंधक- निखिल कुशवाहा

ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।